नई दिल्ली

शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 306
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम

अधि. 26
न्यून. 12



09 डब्लूपीएल : तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी


# ALLEN THE CLEAR LEADER IN JEE MAIN 2025 (SESSION 1)

**5** Overall 100%ile Scorers | **14** State Toppers

ALLEN JEE Main (Session 1) 2025 results validated by
Official result validator
EY




RAJASTHAN TOPPER — **Rajit Gupta** — 7-Year Classroom Course
RAJASTHAN TOPPER — **Arnav Singh** — 6-Year Classroom Course
RAJASTHAN TOPPER — **Om Prakash Behera** — 3-Year Classroom Course
RAJASTHAN TOPPER — **Saksham Jindal** — 3-Year Classroom Course
DELHI (NCT) TOPPER — **Harsh Jha** — Online Test Series

| Topper | %ile | Name | Course |
|---|---|---|---|
| Chhattisgarh Topper | 99.996%ile | Shourya Agrawal | 2-year Classroom Course |
| Jharkhand Topper | 99.996%ile | Abhimanyu Tibrewal | 2-year Classroom Course |
| Bihar Topper | 99.994%ile | Panini | 2-year Classroom Course |
| Odisha Topper | 99.989%ile | Nabaneet Priyadarshi | 5-year Classroom Course |
| Himachal Pradesh Topper | 99.985%ile | Dherya Sharma | 5-year Classroom Course |
| Assam Topper | 99.969%ile | Kanishka Chakraborty | 2-year Classroom Course |
| Puducherry Topper | 99.867%ile | E Kumaran | 2-year Classroom Course |
| Meghalaya Topper | 99.435%ile | Nistha Gautam | 2-year Classroom Course |
| Manipur Topper | 98.699%ile | Loyanganba L. | 1-year Classroom Course |

## ONLINE LIVE COURSE CHAMPIONS

| %ile | Name | Course |
|---|---|---|
| 99.998%ile | Aritro Ray | 1-Year Live Course |
| 99.990%ile | Chirag Singh | 2-Year Live Course |
| 99.979%ile | Arka Banerjee | 1-Year Live Course |
| 99.964%ile | Ahmad Shayan | 2-Year Live Course |
| 99.933%ile | Aditya Mishra | 1-Year Live Course |
| 99.89%ile | Veeram N. Shah | 1-Year Live Course |

## ALLEN DELHI CHAMPIONS

Performance that is setting new records in 2025!

296/300 SCORE

- **6** Students scored 100%ile in Physics
- **23** Students scored 99.9%ile and above
- **100** Students scored 99.5%ile and above
- **163** Students scored 99%ile and above
- **245** Students scored 98%ile and above
- **426** Students scored 95%ile and above

**Vaibhav Vatsal** — 1-year Classroom Course — **99.999%ile** — 100%ile in Physics & 100%ile in Maths

## ADMISSIONS OPEN

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads
Class 8th to 12th & 12th Pass

SIGN-UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
TEST DATES: 16 FEB & 02 MAR, 2025

ALLEN
0744-3556677
allen.ac.in

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

As per result compiled till 12 Feb. 2025 (11:00 PM)

**ALLEN Delhi Center**
95136 85900 | allen.ac.in/delhi

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

## इंस्टाग्राम पर पिस्टल लहराया, गिरफ्तार



नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पिस्टल के साथ फोटो अपलोड करने वाले शख्स को बाहरी जिले की पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी शख्स ऐसी पोस्ट कर अपने दोस्तों, अपने जानकारों और इलाके के लोगों के बीच चर्चित होना चाहता था। रनहौला थाने की पुलिस ने इसके पास से देसी तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। आरोपी युवक का नाम आकाश गोस्वामी बताया गया है। वह उत्तम नगर क्षेत्र के विकास नगर का रहने वाला है। बाहरी जिले के डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि 11 फरवरी को इस सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी। उसके बाद पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। पता चला कि वह युवक विकास नगर के शिव विहार इलाके का रहने वाला है। उसकी लोकेशन का पता लगाकर छापा मारा गया और उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### नरेला में नौकरों के साथ मिलकर रची थी पिता की हत्या की साजिश

# प्रॉपर्टी से बेदखली के डर से बेटे ने करवाई पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत एक कलयुगी बेटे ने अपने नौकरों से पिता की हत्या करवा दी। शव को बोरे में भरकर नौकरों ने गंदे नाले में ठिकाने लगा दिया। केस में पुलिस ने आरोपी बेटे समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक की तलाश जारी है। मृतक का नाम रमेश भारद्वाज (67) बताया गया है।

पुलिस के अनुसार 29 जनवरी को एकता अरोड़ा नामक महिला की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसने थाने में आकर पिता रमेश भारद्वाज के 28 जनवरी से लापता होने की बात कहीं थी। रमेश अपनी स्कूटी से नरेला गये थे। बेटी ने पिता के अपहरण की भी आशंका जताई थी। जांच के दौरान पता चला कि रमेश भारद्वाज को आखिरी बार उसके पुराने नौकर जितेंद्र के साथ देखा गया था। पुलिस द्वारा महिलाओं समेत कई लोगों से पूछताछ की गई। जांच से पता चला कि 28 जनवरी को रमेश भारद्वाज जितेंद्र के फ्लैट पर गए थे और तब से ही रमेश और जितेंद्र लापता है। आगे तफ्तीश में पता चला कि जितेंद्र का बेटा विशाल भी फरार है। उसका फोन बंद मिला। काफी प्रयासों से विशाल के एक अन्य नंबर की पहचान की गई जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से अटैच था। तकनीकी निगरानी के आधार पर विशाल को पकड़ लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि रमेश भारद्वाज की हत्या उसके पिता जितेंद्र ने ही की है। उसने पिता के कहने पर शव को ठिकाने लगाया था। विशाल ने 28 जनवरी को शव बोरे में भरकर पास के नाले में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर बोरे में बंद शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद कर लिया गया। विशाल ने खुलासा किया कि मृतक के बेटे लव भारद्वाज ने ही अपने पिता को खत्म करने की साजिश रची थी। क्योंकि उसके पिता हमेशा उसकी बहनों का पक्ष लेते थे। पिता उसे घर से निकालना चाहते थे क्योंकि उसने प्रेम विवाह किया था। रमेश भारद्वाज ने सीनियर सिटीजन प्रोटेक्शन के तहत अपने बेटे व उसके परिवार को घर से निकालने के लिए डीएम के समक्ष आवेदन भी दिया था।

■ आरोपी बेटे समेत दो अरेस्ट, एक फरार



### बेदखली के डर से पिता को ही रास्ते से हटवाया

लव को आशंका थी कि जल्द ही उसे घर खाली करना पड़ेगा। पिता उसे प्रॉपर्टी से बेदखल करने की धमकी भी दे रहे थे। लव भारद्वाज को भी पकड़ लिया गया। उसने अपराध कबूल कर किया है। पहले पकड़े गये विशाल ने बताया कि पिता जितेंद्र पर भारी कर्ज था। इसी का फायदा लव ने उठाया और उन्हें पैसे की पेशकश की। हत्या से कुछ दिन पहले लव ने जितेंद्र को टोकन मनी के तौर पर 35 हजार रुपये भी दिए थे। पोस्टमार्टम में मौत का कारण गला घोंटना आया है। लव को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। आरोपी विशाल अभी पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ जारी है। जितेंद्र का पता लगाने के लिये छापेमारी जारी है।

## पिता पुत्र जूलरी और कैश चोरी के आरोप में अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा की एईकेसी टीम ने लाखों के आभूषण और नकदी चुराने के आरोप में दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पिता पुत्र है। इनके नाम शेर खान उर्फ शेरू और इमरान है। दोनों रंजीत नगर के रहने वाले हैं। इनके पास से 40 हजार रुपये नगदी और आभूषण बरामद हुये हैं। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के अनुसार सनलाइट कालोनी थाना अंतर्गत 1 फरवरी को चोरी की शिकायत मिली थी। सराय काले खां निवासी काशमी की शिकायत पर ई एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपी व्यक्ति शेर खान और उसका बेटा इमरान अपने परिवार के सदस्यों के साथ चोरी करने के बाद अपने किराए के घर बीबी कैंप से फरार थे। आरोपियों को पकड़ने के लिये टीम ने मोबाइल फोन ट्रैकिंग (कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा) और फील्ड इंटेलिजेंस सहित उच्च तकनीकों का इस्तेमाल किया। आखिर में बाल्मीकि मंदिर रणजीत नगर के पास एक्स ब्लॉक से इनकी गिरफ्तारी संभव हो पाई। इन्होंने चोरी किए गए सोने के आभूषणों को जामा मस्जिद और रंजीत नगर के सुनारों को बेचा था। चोरी किये गये 50 हजार रुपये कैश में से इनसे 40 हजार रुपये बरामद हो गये हैं।


**ELECTION NOTIFICATION FOR GOVERNING BODY OF KIIT COLLEGE OF EDUCATION, SOHNA ROAD, BHONDSI, GURUGRAM**

It is notified that the Election of Governing Body of KIIT College of Education, Sohna road, Near Bhondsi, Distt.-Gurugram (HR.) for the posts of:

A. President, Vice President, General Secretary, Treasurer
B. Eleven E.C Members
C. Two Teaching and One Non-Teaching staff representatives shall be held as per the given schedule **(Timing:- 10:00 AM - 4:00 PM)**

**Date of Filing Nomination:** 21.02.2025 to 25.02.2025
**Date of Scrutiny:** 27.02.2025 to 01.03.2025
**Date of Withdrawal of Nomination:** 03.03.2025
**Date of Allotment of Symbols:** 05.03.2025
**Date of Election and Declaration of Result:** 26.03.2025

**(Ms. Priyanka Sethi)**
(Returning Officer,Ph. 0124-2658000)


# शब-ए-बारात को लेकर पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली पुलिस ने गुरुवार शाम को शब-ए-बारात के मद्देनजर कई सड़कों के ट्रैफिक में बदलाव किया है। इस संबंध में एक एडवाइजरी जारी कर जुलूस के दौरान कुछ सड़कों से बचने की सलाह दी गई है। लोगों को रेलवे स्टेशन और बस अड्डों तक पहुंचने के लिये तय किये गये कुछ मार्गों का सुझाव भी दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को शब-ए-बारात जुलूस निकाले जाएंगे। इसके समापन तक मध्य दिल्ली में शाम 5 बजे से यातायात प्रतिबंध और बदलाव लागू हो जाएंगे। यातायात पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि नेताजी सुभाष मार्ग, एसपीएम मार्ग, चर्च मिशन रोड, खारी बावली रोड, कुतुब रोड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, सुभाष पार्क टी-प्वाइंट, शांति वन चौक और छत्ता रेल चौक पर ट्रैफिक की आवाजाही प्रतिबंधित या डायवर्ट की जा सकती है। इसके अलावा फतेहपुरी टी-प्वाइंट, बीएच राव रोड, रानी झांसी रोड, सदर थाना रोड, बीएसजेड मार्ग, बोरा टूटी चौक, रानी झांसी रोड, दिल्ली गेट, राजघाट और आसपास के इलाकों में भी आम वाहनों को प्रतिबंधित किया जा सकता है। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, आईएसबीटी, लाल किला, चांदनी चौक और तीस हजारी कोर्ट जाने वाले लोगों को देरी से बचने के लिए पर्याप्त समय के साथ अपनी यात्रा की योजना बनानी होगी।

■ वाहन चालकों को कई इलाकों से बचने की सलाह

# दर्जनों कालोनियों में दो दिन रहेगी पीने के पानी की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ टैंकरों से आपूर्ति की व्यवस्था

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने उपभोक्ताओं से कहा है कि आने वाले 15 और 17 फरवरी 2025 को कई क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी वहां आवश्यकता होने पर टैंकरों से निशुल्क जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। डीजेबी के अनुसार भूमिगत जलाशय और बूस्टर पम्पिंग स्टेशन की फ्लशिंग के वार्षिक कार्यक्रम के कारण 15 फरवरी को जनकपुरी के सी-5/ए ब्लॉक 48 एमआईजी, एजी-1 विकास पुरी, 112 एसएफएस बोडेला, वसुंधरा एन्क्लेव सोसायटी, न्यू अशोक नगर, सी एंड सी बी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, यू एंड वी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, एस डी ब्लॉक पीतमपुरा, बीजी-3/एलआईजी पश्चिम विहार, रमेश नगर, कीर्ति नगर, मानसरोवर गार्डन, सरस्वती गार्डन, मस्जिद मोठ पीएच-1 और श्रीनिवासपुरी के आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। वहीं मरम्मत के चलते 17 फरवरी को सी-4 ई ब्लॉक जनकपुरी, डीजी-I विकासपुरी, डीजी-तीन विकासपुरी, एलएससी-ई-ब्लॉक विकास पुरी, 1024 पॉकेट सी ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स मयूर विहार फेज-तीन, आर-ब्लॉक बीपीएस दिलशाद गार्डन, डीडीए फ्लैट मयूर विहार चरण-तीन, शालीमार पार्क, सीसी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, जी एच-1/एमआईजी, अर्चना अपार्टमेंट, पश्चिम विहार, डी-ब्लॉक करम पुरा, पंजाबी बाग, मादी पुर, मस्जिद मोठ फेज टू डीडीए फ्लैट, गिरी नगर, गोविंदपुरी, गोविंदपुरी एक्सटेंशन, पूर्वी अपार्टमेंट, डीडीए फ्लैट सराय काले खां, मोती बाग क्षेत्र, पॉकेट-12 कालकाजी एक्सटेंशन, सरिता विहार की सभी पॉकेट और जसोला विहार आदि से संबंधित क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने संबंधित उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि जरूरत के अनुसार पहले ही पानी भरकर रख लें। बावजूद इसके अगर जरूरत पड़े तो डीजेबी कार्यालयों से निशुल्क पानी के टैंकर मंगाए जा सकते है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेन्द्र, पुत्र** : श्री राम प्रसाद **पताः** एम–91, कैम्प नं. 3, नांगलोई, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 110/2017 U/S 25/54/59 Arms Act, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेन्द्र** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **महेन्द्र** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 110/2017 U/S 25/54/59 Arms Act, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महेन्द्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1327/WD/2025
(Court Matter)



**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 47 दिनांक 11.02.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- अजय ।
पिता का नाम - जयकुमार ।
पता - वासी गांव बिहोली हाल गांव बिधल जिला सोनीपत ।
उम्र- 27 वर्ष ।
कद- 5 फुट ।ईन्च।
हुलियाः रंग गेहुआ, पतला शरीर, गोल चेहरा, काले बाल ।
पहनावाः सफेद रंग की शर्ट व कमर में नीले रंग की पैन्ट व पैरो में सफेद रंग के जुते पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि अजय पुत्र जयकुमार वासी गांव बिहोली हाल गांव बिधल सोनीपत दिनांक 07-02-2025 को घर से काम के लिए कमासपुर गया था जो अभी तक गुम हैं और घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना-7419410534
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9813833302
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।,
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3121/2025/32376/88/7 दि. 13.02.2025


## मेट्रो अकादमी ने सफलतापूर्वक किया आईआरएमएस बैच को प्रशिक्षित, बांटे प्रमाणपत्र



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा संचालित डीएमआरसी अकादमी ने आईआरएमएस बैच के 26 भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा अधिकारी प्रशिक्षुओं के लिए एक अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस बारे में डीएमआरसी ने जानकारी देते हुए बताया कि अकादमी ने यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गत 27 से 31 जनवरी 2025 तक चलाया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 2022 आईआरएमएस बैच के 26 भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा अधिकारी प्रशिक्षुओं बेहतरीन तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में परिचालन, सिविल, रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग आदि सहित विभिन्न विभागों का गहन अवलोकन शामिल था। जिसमें ट्रैक इंजीनियरिंग, मांग लोच, यातायात पूर्वानुमान, गैर-किराया बॉक्स राजस्व और मल्टी मॉडल एकीकरण जैसे प्रमुख विषयों पर सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षुओं को इस दौरान निदेशक (संचालन और सेवाएं), प्रमुख कार्यकारी निदेशक, कॉर्पोरेट संचार और महानिदेशक डीएमआरसी अकादमी जैसे उच्च श्रेणी के अधिकारियों के साथ समृद्ध अनुभव- मिला व साझाकरण सत्रों में शामिल होने का अवसर भी मिला। उनके उत्साह और सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता प्रदान की है। अकादमी ने बाद में सभी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण संबंधित प्रमाणपत्र प्रदान किए।

## मंडोला 400 केवी सब स्टेशन की मरम्मत, दिल्ली के कई क्षेत्रों में पावर कट की संभावनाः डीटीएल

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल) ने कहा है कि पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया (पावर ग्रिड) के 400 के वी सबस्टेशन मंडोला की वार्षिक मरम्मत आदि के चलते दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इस बारे में डीटीएल के प्रवक्ता डाक्टर ऋषिराज ने बताया कि आगामी गर्मियों को देखते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की तैयारियां की जा रही है। इसी के तहत 400 के वी सबस्टेशन मंडोला जो कि पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया (पावर ग्रिड) का एक महत्वपूर्ण सबस्टेशन है कि मरम्मत की जाएगी। यह कार्य 14 फरवरी से 21 फरवरी 2025 तक चलेगा जिसमें पावर ग्रिड द्वारा अपने इस सबस्टेशन में मरम्मत तथा पुराने उपकरणों को बदलने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त सबस्टेशन से दिल्ली के नरेला, गोपालपुर, कश्मीरी गेट, सब्जी मंडी तथा वज़ीराबाद स्थित 220 के वी सबस्टेशन के साथ जुड़कर दिल्ली की विद्युत उपलब्धता को सुनिश्चित करने का कार्य करता है। ऐसे में पूर्व तैयारियां की जा रही है। दिल्ली ट्रांसको का कहना है कि वैकल्पिक स्रोतों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की पूर्ण व्यवस्था की गयी है। प्रवक्ता का कहना है कि बावजूद इसके कहीं आपात स्थिति में कम समय के लिए पूर्वी दिल्ली, मध्य दिल्ली एवं उत्तरी दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। अगर ऐसी स्थिति आती भी है तो किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचने व उसे शीघ्रातिशीघ्र दूर करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि मामला अदालत 20 फरवरी को संज्ञान पर करेगी फैसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत 20 फरवरी को यह तय करेगी कि आप नेता सत्येंद्र जैन द्वारा भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि की शिकायत पर संज्ञान लिया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने बृहस्पतिवार को इस मुद्दे पर दलील सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी ने पांच अक्टूबर 2023 को एक टीवी चैनल पर साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की, जिसे उन्होंने दावा किया कि लाखों लोगों ने देखा। उन्होंने कहा कि स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्कों के अलावा 3 करोड़ रुपये बरामद हुए। उनकी शिकायत में कहा गया है कि बांसुरी ने जैन को बदनाम करने और अनुचित राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए यह टिप्पणी की थी। जैन ने कहा कि स्वराज ने उन्हें भ्रष्ट और धोखेबाज कहकर उनकी और बदनामी की।

### प्रदर्शन कर रहे 10 छात्र को पुलिस ने लिया हिरासत में

# जामिया में छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में पीएचडी के दो छात्रों पर विश्वविद्यालय की अनुशासनात्मक कार्रवाई के विरोध में छात्रों ने जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। गुरुवार को पुलिस ने विश्वविद्यालय की सुरक्षा बढ़ाते हुये 10 से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया।

मिली जानकारी के अनुसार पीएचडी छात्रों को पिछले साल विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए 'कारण बताओ' नोटिस दिया गया था। इस कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन सोमवार को शुरू हुआ और छात्र प्रशासन के इस कदम की कड़ी निंदा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने दावा किया कि प्रदर्शनकारी छात्रों ने 'सेंट्रल कैंटीन' समेत विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और सुरक्षा सलाहकार के कार्यालय का दरवाजा तोड़ दिया, जिससे प्रशासन को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं पुलिस सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय ने छात्रों को विरोध प्रदर्शन स्थल से हटाने के लिए पुलिस से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था ताकि कानून व्यवस्था बरकरार रह सकें। अनुरोध मिलने के बाद पुलिस ने तड़के चार बजे 10 से अधिक छात्रों को विरोध प्रदर्शन स्थल से हटाया। इसके अलावा हमने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिसर के बाहर काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। किसी को भी लॉ एंड ऑर्डर से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।


**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.**
CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी–4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
E- Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com Tel: 011-25774212-214, 25771629

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही / नौ माह हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(आंकड़े लाखों में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम | | | | | समेकित परिणाम | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त नौ माह 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | -2.79 | 87.31 | 81.27 | 77.74 | 73.91 | -2.79 | -2.57 | -8.61 | -12.13 | -15.97 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | -2.09 | 66.15 | 60.81 | 57.65 | 54.78 | -2.09 | -23.72 | -29.06 | -32.22 | -35.09 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | -2.09 | 66.15 | 60.81 | 57.65 | 54.78 | -2.09 | -23.72 | -29.06 | -32.22 | -35.09 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | | - | - | - | - | |
| अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | | | | | |
| बेसिक : | -0.03 | 0.94 | 0.86 | 0.82 | 0.78 | 0.90 | 2.32 | 5.24 | 4.35 | 7.18 |
| डायल्युटेड : | -0.03 | 0.94 | 0.86 | 0.82 | 0.78 | 0.90 | 2.32 | 5.24 | 4.35 | 7.18 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट http://www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

परिणामों को देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
हस्ता/–
(निवेदन भारद्वाज)
निदेशक
(डीआईएन–00040191)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.02.2025

नई दिल्ली
शुक्रवार, 14 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 306
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
| --- | --- | --- |
| सेंसेक्स | 76,138.97 | 32.11 ▼ |
| निफ्टी | 23,031.40 | 13.85 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
| --- | --- | --- |
| सोना | 87,700 /- | 140/- ▲ |
| चांदी | 98,000/- | 800/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | चढ़ा/गिरा |
| --- | --- | --- |
| रुपया | 86.93 | 2 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 74.28/ बैरल | 1.20% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



## कई नए शब्दों का चलन बढ़ जाएगा, कई पुराने शब्द होंगे बाहर

# नया टैक्स बिल: टैक्स फाइलिंग से जुड़ी जटिलताओं को कम करने की कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नए इनकम टैक्स बिल 2025 को लोकसभा में पेश कर दिया। यह बिल पुराने आयकर कानून से काफी अलग है। इस बिल के तहत टैक्स फाइलिंग से जुड़ी जटिलताओं को खासतौर पर कम करने की कोशिश की गई है। निर्मला सीतारमण ने सदन में इस बिल को पेश करते हुए कहा कि नए बिल के तहत शब्दों की संख्या को घटाई गई है। लोकसभा में पेश किए गए इस नए बिल में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इनकम टैक्स एक्ट 2025 पहले से सरल, पारदर्शी और टैक्सपेयर के अनुकूल बनाने का दावा किया गया है। आपको बता दें कि बीते दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश करते समय इस बात का ऐलान किया था कि केंद्र सरकार नए आयकर बिल लेकर आ रही है।

नए टैक्स नियमों बिल के पारित होने के बाद कई नए शब्दों का चलन बढ़ जाएगा। जैसे पहले फाइनेंशियल ईयर, प्रीवियस ईयर, असेसमेंट ईयर और ऐसे ही कई शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था, वहीं अब इनकी जगह टैक्स ईयर के शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे टैक्सपेयर्स को समझने में आसानी होगी। नए बिल के तहत छूट से लकर नए नियमों को अलग-अलग सेक्शन में विस्तार से बताया गया है।

### नए बिल में 16 अनुसूचियां

नए बिल के तहत कुल 536 सेंक्शन, 16 अनुसूचियां और कुल 23 चैप्टर्स हैं। मौजूदा कानून में कुल 14 अनुसूचियां हैं लेकिन अब नए बिल में इसकी संख्या को बढ़ाकर 16 कर दिया गया है। सरकार ने नए आयकर विधेयक 2025 को अप्रैल 2026 से तक लागू करने का प्रस्ताव दिया है। यानी ये साफ है कि नया कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू हो सकता है। नए कानून के तहत टोटल इनकम कैलकुलेशन के लिए होम प्रॉपर्टी और कैपिटल गेन से इनकम समेत कुछ धाराओं या अनुसूचियों के तहत कोई छूट या कटौती नहीं होगी।

### डिफेंस सर्विस वालों को ग्रेच्युटी में कर की छूट

नए कानून के तहत डिफेंस सर्विस जैसे आर्मी, पैरा फोर्स और अन्य कर्मचारियों को मिले ग्रेच्युटी को टैक्स से छूट दी जाएगी। मेडिकल, होम लोन, पीएफ, हायर एजुकेशन पर लोन जैसे लोन्स पर टैक्स छूट जारी रखा गया है। कहा जा रहा है कि नए बिल के कानून बनते ही अंग्रेजों के जमाने के ऐसे कई शब्दों का इस्तेमाल भी बंद हो जाएगा। इन शब्दों का इस्तेमाल बीते 60 साल से किया जा रहा है। साथ ही इनकम टैक्स के नियमों में इस्तेमाल की भाषा को भी सरल ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### धर्मगुरु दलाई लामा को जेड श्रेणी सुरक्षा



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को जेड कैटेगरी सुरक्षा दी है। ये फैसला तब लिया गया जब आईबी ने दलाई लामा पर खतरे की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दी थी। जेड सिक्योरिटी के तहत दलाई लामा को कुल 33 सुरक्षाकर्मी मिलेंगे। धर्मशाला में उनके निवास पर चौबीसों घंटे सुरक्षा देंगे।

### आरसीबी के नए कप्तान बनाए गए रजत पाटीदार



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 के लिए अपने कप्तान की घोषणा कर दी। आरसीबी के नए कप्तान रजत पाटीदार हैं। आरसीबी ने एक स्पेशल कार्यक्रम में पाटीदार के नाम का ऐलान किया। उनकी चार साल में किस्मत चमक उठी। उन्होंने 2021 में आरसीबी की ओर आईपीए डेब्यू किया था।

### मोदी करेंगे 'एसओयूएल कॉन्क्लेव' का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 21 फरवरी को 'एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव' के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इसका आयोजन 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' द्वारा किया जाएगा। इसमें राजनीति, खेल, कला एवं मीडिया के बारे में अनुभवों को साझा करने के वास्ते एक मंच पर आएंगे। भारत के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, आरबीआई के पूर्व गवर्नर शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति गेस्ट हाउस के बाहर ठंड में खड़े प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी के साथ किया पीएम का भव्य स्वागत


# अमेरिका में प्रधानमंत्री मोदी का ग्रैंड वेलकम, ट्रंप संग होगी बैठक

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने की प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दूसरे सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में गुरुवार सुबह अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। जहां बीते करीब 24 दिन पहले डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री की उनसे पहली मुलाकात होगी। भारत समेत दुनिया के कई देशों की निगाहें मोदी-ट्रंप की इस मुलाकात पर टिकी हुई हैं। जिसमें भारत की तरफ से व्यापार से जुड़े ऊंचे टैरिफ, अवैध प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित और सम्मानजनक स्वदेश वापसी, परमाणु ऊर्जा, निवेश, रक्षा क्षेत्र से संबंधित जटिल तकनीक के हस्तांतरण जैसे मुद्दों को अमेरिका के समक्ष मजबूती के साथ उठाया जा सकता है।

इसके अलावा दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों के विषय पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी पीएम की एक्स पोस्ट और विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान से मिली है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के चौथे नेता हैं, जिनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके शपथ ग्रहण के बाद एक महीने से भी कम समय में मुलाकात हो रही है। अब तक ट्रंप से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला-2 मुलाकात कर चुके हैं। वहीं, अमेरिका से पहले पीएम फ्रांस के दो दिवसीय दौरे पर थे। जहां उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में कृत्रिम मेधा (एआई) पर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता के साथ कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत की थी।



### 'अमेरिका वेलकम्स नरेंद्र मोदी'

अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को रेड कार्पेट वेलकम दिया। इसके बाद राष्ट्रपति गेस्ट हाउस के बाहर कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बीच पहले से बड़ी तादाद में मौजूद प्रवासी भारतीयों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पीएम के आगमन पर लोगों ने मोदी, मोदी के नारे लगाए, कुछ लोग अपने हाथ में 'अमेरिका वेलकम्स नरेंद्र मोदी' लिखी हुई तख्ती लिए हुए थे। जबकि कुछ अपने कैमरों और मोबाइल फोन पर प्रधानमंत्री की तस्वीर क्लिक करते हुए नजर आए।

### भारतीयों के स्वागत से गदगद पीएम

भारतीयों के जोरदार स्वागत से प्रधानमंत्री बेहद खुश हुए और उन्होंने एक्स पोस्ट पर इसका खुलकर इजहार भी किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कुछ समय पहले ही वाशिंगटन डीसी पहुंचा हूं। डोनाल्ड ट्रंप से मिलने और भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। हमारे देश अपने लोगों के लाभ और हमारे ग्रह के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीयों के शानदार स्वागत के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अमेरिकी एनएसए और मस्क से मिले पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया कि एनएसए माइक वाल्ट्ज के साथ एक उपयोगी बैठक हुई। वह हमेशा भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा भारत-अमेरिका संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं और हमने इन मुद्दों पर शानदार चर्चा की। एआई, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की प्रबल संभावना है। पीएम नरेंद्र मोदी और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच वाशिंगटन डीसी के ब्लेयर हाउस में द्विपक्षीय बैठक हुई।

### तुलसी गेबार्ड से हुई मुलाकात



वाशिंगटन डीसी में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। एक्स पर पोस्ट में इसके बारे में बताते हुए पीएम ने कहा कि वाशिंगटन डीसी में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

जारी हुई आरएफआई, दिन-रात निगरानी करने में सक्षम होंगे हेलिकॉप्टर

## सरकार ने शुरू की 1 हजार निगरानी हेलिकॉप्टरों की खरीद की प्रक्रिया



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की तरफ से बढ़ते साझा सुरक्षा खतरे के बीच सरकार ने सेना के लिए ऊंचाई वाले इलाकों के लिए एक हजार निगरानी हेलिकॉप्टरों की खरीद की प्रक्रिया की शुरुआत यानी सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) जारी कर दी है। यह हेलिकॉप्टर समुद्र तल से 5 हजार 500 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दिन और रात के समय किसी भी मौसम में अपने निगरानी मिशन को अंजाम दे सकेंगे। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत इस पूरी कवायद का क्रियान्वयन किया जाएगा। आरएफआई के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय ने इस खरीद को रक्षा खरीद प्रक्रिया-2020 के अध्याय-2 में बताए गए प्रावधानों के तहत मंजूरी प्रदान की है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सेना खरीदेगी 50 ड्रिलिंग मशीन

*हेलिकॉप्टर के अलावा सेना की योजना पहाड़ों पर खुदाई के लिए प्रयोग की जाने वाली 50 भारी क्राउलर रॉक ड्रिल मशीनों को खरीदने की भी है। इसके लिए आरएफआई का प्रारूप जारी किया गया है। डीएपी के अध्याय-2 के 2 और 4 भाग में इनकी खरीद से जुड़े उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में बताया गया है। वर्तमान में भारतीय सेना की उत्तरी, पूर्वी और केंद्रीय कमांड में कई ऐसे मुश्किल इलाके हैं, जहां सैन्य तैनाती को कम समय में आसान बनाने में इन ड्रिलिंग मशीनों की अहम भूमिका होगी। इसमें खासतौर पर संचार लाइनों को शीघ्रता से बिछाया जा सकेगा। जो सुदूर इलाकों में सेना की एक सबसे बड़ी आवश्यकता होती है। मूलरूप से यह एक स्वचालित क्राउलर होगा, जिसमें कंप्रेसर लगा हुआ है। ये मशीन को एक जगह से दूसरी जगह पर तैनात करने और खुदाई की शुरुआत करने में मदद करेगा। साथ ही इससे सख्त चट्टानों को आसानी से काटा जा सकेगा। मशीनों का इस्तेमाल खुदाई से पहले सड़कों की शुरुआती जानकारी प्राप्त करने और पहाड़ों पर धमाका करने के लिए किया जाएगा।*

### आसानी से बदलाव संभव

*निगरानी हेलिकॉप्टर मॉड्यूलर डिजाइन में होंगे। जिससे इनमें आवश्यकता पड़ने पर आसानी से सुधार या बदलाव किए जा सकेंगे। इस दौरान हेलिकॉप्टर के किसी उपकरण, प्रणाली और उप-प्रणाली में किसी तरह के बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं होगी।*

जम्मू-कश्मीर के अखनूर और पुंछ में पाक सेना द्वारा की गई हालिया गोलीबारी के मामले पर सेना की प्रतिक्रिया

## भारत-पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम बरकरार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से लगे अखनूर और पुंछ के इलाकों में पाक सेना की गोलीबारी की वजह से बढ़ते तनाव के मामले पर मीडिया में जारी खबरों पर गुरुवार को भारतीय सेना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें बताया कि नियंत्रण रेखा पर दोनों सेनाओं के बीच संघर्षविराम समझौता कायम है और आपसी सहमति के हिसाब से इसका पालन किया जा रहा है। इलाके में स्थिति



फाइल फोटो

स्थिर बनी हुई है और उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सेना उच्च सतर्कता के साथ एलओसी पर अपना दबदबा बनाए हुए है।

**पाक सेना के समक्ष उठाया मामला :** सेना ने यह भी कहा कि भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच ▶▶ शेष पेज 5 पर

9 फरवरी को सीएम ने दिया था इस्तीफा

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया सत्र बुलाने की समय सीमा भी खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ अब तक हिंसा में 300 से ज्यादा मौतें

मणिपुर में बीरेन सिंह के सीएम पद से इस्तीफे के बाद अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बीते रविवार को बीरेन सिंह ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से



मुलाकात कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाने के लिए भाजपा नेताओं की बैठकों का दौर शुरू हो गया था। मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा भाजपा के दिग्गज नेताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। हालांकि अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने (3 मई 2023) से जारी जातीय हिंसा के चलते इस्तीफे का काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। संविधान के अनुच्छेद 174(1) के अनुसार राज्य विधानसभाओं को अपनी अंतिम बैठक के छह महीने के भीतर बुलाना अनिवार्य है। मणिपुर में पिछला ▶▶ शेष पेज 5 पर

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर जयराम रमेश का तंज

## वही करना पड़ा जिसकी मांग 20 महीने से कांग्रेस कर रही थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के फैसले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने जम कर कटाक्ष किया।

उन्होंने कहा कि आखिरकार वह हुआ जिसकी मांग भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पिछले 20 महीनों से कर रही थी। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। यह तब हुआ है जब सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 'संविधानिक तंत्र के पूर्ण रूप से ठप हो जाने' की बात कही, जिसके चलते 3 मई 2023 से अब तक 300 से अधिक लोगों की हत्या और 60 हजार से अधिक पुरुषों, महिलाओं, और बच्चों का विस्थापन हुआ। यह तब हुआ है जब मणिपुर के सामाजिक ताने-बाने को गंभीर रूप से क्षति पहुंचने दी गई। ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में बताया

## ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले चीन के 'मेगा-डैम' पर भारत सावधानी से नजर रख रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने हाल ही में तिब्बत में भारत की सीमा के निकट ब्रह्मपुत्र नदी पर एक विशाल बांध बनाना शुरू कर दिया है। चीन के इस कदम ने ब्रह्मपुत्र नदी के पामी को लेकर भारत में चिंता पैदा कर दी है।

अब भारत सरकार ने कहा है कि वह ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की मेगा बांध की योजना समेत अन्य डेवलपमेंट्स पर नजर रख रही है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में इस बात की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने इस बारे में संसद में बताया है कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के 'मेगा-डैम' और अन्य योजनाओं पर पर भारत सावधानी से नजर रख रहा है।



### सरकार सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी

*विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए सीमा पार नदियों के मुद्दे पर चीन के साथ बातचीत करना जारी रखने का इरादा रखती है। सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है, जिसमें चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने की योजना भी शामिल है, और हमारे हितों की रक्षा करने के लिए आवश्यक उपाय करती है। उन्होंने* ▶▶ शेष पेज 5 पर

'परीक्षा पे चर्चा-2025' का तीसरा एपिसोड प्रसारित किया गया

## टेक गुरुजी गौरव चौधरी और राधिका गुप्ता ने किया छात्रों से संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में चल रहे बोर्ड परीक्षाओं के सीजन में सरकार के सबसे लोकप्रिय 'परीक्षा पे चर्चा-2025' (पीपीसी) कार्यक्रम से जुड़े विशेष हस्तियों के तीसरे एपिसोड का गुरुवार को संचार के विभिन्न माध्यमों पर प्रसारण किया गया। इसमें टेक्निकल गुरुजी गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने चयनित 36 स्कूली बच्चों से संवाद किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों ने कार्यक्रम में छात्रों को कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से विस्तार से जानकारी दी। साथ ही चैट जीपीटी और एआई इमेज जनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों से रूबरू कराया। यहां बता दें कि इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण है। जिसमें भाग लेने के लिए देशभर के स्कूलों के 5 करोड़ से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया था। दूसरे एपिसोड में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने बच्चों से मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों से निपटने के विषय पर बातचीत की थी। आने वाले दिनों में अन्य हस्तियां परीक्षा के दिनों में बच्चों को तनाव रहित रहने के लिए अपने अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें प्रेरित करेंगी। बीते सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छात्रों से



बातचीत के साथ पीपीसी की शुरुआत हुई थी। शिक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष कार्यक्रम को कुछ अलग बनाने के लिए इसमें विशिष्ट हस्तियों के कुल 8 एपिसोड तैयार किए हैं। तीन का प्रसारण किया जा चुका है। आने वाले दिनों में 5 अन्य एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### स्मार्ट स्टडी ऐप्स, डिजिटल नोट्स मदद करेंगे

*गौरव चौधरी ने बच्चों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा यह सुनिश्चित करने को कहा कि ये उनकी पढ़ाई में बाधा बनने की वजह से सबसे बड़ी ताकत बने। अपने संबोधन में उन्होंने स्मार्ट स्टडी ऐप्स, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफार्म के लाभों का उल्लेख किया। जिससे छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में तकनीक को एकीकृत करने में मदद मिली। गौरव ने छात्रों को एआई पर पूरी तरह से निर्भर रहने की जगह पर इसे एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की सलाह दी और जीवन के वास्तविक अनुभवों को अपनाने पर जोर दिया।*

**खबर संक्षेप**

## दुर्गा शक्ति ने तीन महिलाओं को घर छोड़ा



**फरीदाबाद।** सेफ सिटी के अंतर्गत दिए गए दिशा निर्देश के अनुसार कार्रवाई करते हुए दुर्गा शक्ति एनआईटी-3 कि टीम ने रात्रि के समय 3 महिलाओं को ईआरवी से घर तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रात्रि के समय करीब 11.30 बजे ईआरवी टीम गस्त पर थी। गस्त के दौरान ओल्ड रेलवे स्टेशन के पास 3 महिलाएं मिली। वह त्यागी मार्केट, डबुआ की रहने वाली है व घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिल रहा।

## मोबाइल चोरी के मामले मे 3 आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने मोबाइल चोरी के मामले में 3 आरोपियों सागिर, शहजाद व अजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया की 11 फरवरी को सुंदरलाल जिंदल निवासी खानपुर, नई दिल्ली ने थाना सुरजकुंड ने शिकायत दी वह अपने परिवार के साथ सुरजकुण्ड मेला देखने आया था, जहां से किसी ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

## अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी आशीष को गिरफ्तार किया है। 12 फरवरी को अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने आरोपी आशिष वासी संजय कॉलोनी को देसी कट्टा सहित सब्जी मंडी, खेडीपुल से गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ थाना खेडीपुल में अवैध हथियार रखने की धारा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि देसी कट्टा को 4500 रुपए में ओल्ड रेलवे स्टेशन से किसी अंजान व्यक्ति से लेकर आया था।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालों पर होगी सीलिंग की कार्रवाई: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के अतिरिक्त कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने निगम के सभी जेडटीओ और अन्य अधिकारियों के साथ निगम कार्यालय में प्रॉपर्टी टैक्स सम्बंधित बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी जेडटीओ को दिशा निर्देश दिए है कि अपने अपने संबंधित क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले लोगों को नोटिस जारी करें ताकि वे अपना प्रॉपर्टी टैक्स समय रहते जमा कर सकें।

नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर पहले चरण में अधिकतम प्रॉपर्टी टैक्स होल्डर्स पर कार्रवाई शुरू की थी जिसमें कुछ ही लोगों ने टैक्स जमा कराया था। काफी लोगों की प्रॉपर्टी को सील भी किया गया है।

**टैक्स जमा न करने वाले लोगों को नोटिस दें**




### बैठक में जॉइंट कमिश्नर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे

*एडिशनल कमिश्नर स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने निर्देश दिए कि प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और सभी जॉन में स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। उन्होने आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके। इसके अलावा उन्होंने लाल डोरा आबादी के अंतर्गत आने वाली प्रॉपर्टी को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार सभी जेडटीओ अपने अपने क्षेत्रों में लाल डोरा, आबादी वाली प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफाइड करवाना भी सुनिश्चित करें। बैठक में जॉइंट कमिश्नर चंदावली सुश्री द्विजा, जेडटीओ सुमन रत्रा, जेडटीओ विकास कन्हैया, जेडटीओ दीपा, जेडटीओ सुनीता, जेडटीओ पदम सिंह मौजूद रहे।*

### 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की शाम विख्यात कलाकारों और संगीतकारों के नाम

# मुख्य चौपाल पर सांस्कृतिक संध्या में संगीतकार पापोन के गीतों पर देर रात तक थिरकते रहे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



तू जो मिला...हो गया सब हासिल.. गीत जैसे ही मुख्य चौपाल से शुरू किया पूरा मेला परिसर पापोन.पापोन के नाम से झूम उठा। विश्व विख्यात संगीतकार अंगाराग महंत, जिन्हें मुख्यतः उनके उपनाम पापोन के नाम से जाना जाता है, ने बुधवार की देर शाम 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर को अपने सुरों की ताल से संगीतमय बना दिया। कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा व पर्यटन निगम हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला की हर संध्या को शानदार बनाने के लिए सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसमें हर रोज देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सांस्कृतिक संध्या में विख्यात संगीतकार पापोन ने अपनी गायकी से देर रात तक समां बांधे रखा। इस बीच उन्होंने दर्शकों को बताया कि वे अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय मेले में शो के लिए आमंत्रित किया गया। इसके लिए वे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद व्यक्त करते हैं। गायकार पापोन ने अपने संगीत से ऐसा रंग जमाया की सभी दर्शक देर रात तक झूमते रहे। संगीतकार पापोन और उनकी टीम ने ...लग जा गले की फिर हंसी रात हो ना हो, अजीब दास्तां है ये...कहां शुरू कहां खत्म, तू बोले तो मैं बन जाऊं बुल्ले. शाह सरदाई, तेरा साथ है हाथों में हाथ है फूलों सा दिन मेरा खुशबू सी रात है, यह मोह.मोह के धागे तेरी उंगलियों से जा उलझे, एक अजनबी हसीना से.... यूं मुलाकात हो गई और पहला नशा पहला खुमार... नया प्यार. है एक से एक बेहतरीन गीतों से देर रात तक समां बांधे रखा। इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के एमडी डॉ. सुनील कुमार, जीएम आशुतोष राजन सहित अन्य अधिकारीगण व काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

**तू जो मिला....हो गया सब हासिल गीत से मेला परिसर में छा गया पापोन की आवाज का जादू**

### सूरजकुंड मेले में प्रतिदिन देश-विदेश के कलाकार बिखेर रहे हैं रंगत

## मेले में कार्निवाल परेड का लुत्फ उठा रहे पर्यटक



*__फरीदाबाद।__ अगर आप कार्निवाल परेड का आनंद लेना चाहते हैं तो एक बार शाम को सूरजकुंड में चल रहे 38 वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में परिवार सहित आइए, यहां रंग-बिरंगी, लाल-गुलाबी, नीली, पीली रोशनी से सरोबार देश-विदेश के नर्तकों व कलाकारों की परेड हर पर्यटक के दिल पर अपनी लोक कला की अमिट छाप छोड़ रही है। हर रोज अंतराष्ट्रीय शिल्प मेला परिसर में प्रतिदिन शाम छह बजे यह कार्निवाल परेड शुरू हो जाती है। जिसमें पार्टनर देश बिम्सटेक और थीम स्टेट ओडिशा और मध्यप्रदेश परेड की अगुवाई कर रहे हैं, परेड में हरियाणा, असम, पंजाब, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम के अलावा मिस्त्र, इथियोपिया, सीरिया, अफगानिस्तान, बेलारूस, म्यांमार और बंगाल की खाड़ी बहु.क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल के सदस्य देशों और विभिन्न राज्यों के कलाकार मंडली के साथ अपने पारंपरिक परिधान व ढोल, ताशे-बाजे, चिमटे आदि लेकर साथ निकलते हैं और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए चलते हैं। मेला परिसर में सिक्किम गेट से लेकर वीआईपी धनतेसरी गेट तक इस परेड को देखने के लिए मेले की माल रोड के दोनों ओर दर्शकों का हुजूम रहता है। पर्यटकों के बीच अपने-अपने मोबाइल फोन में इस परेड की तस्वीरों व वीडियो को कैद करने की होड़ लग रही है। कार्निवाल परेड में लोक कलाकारों द्वारा ढोल नगाड़ों, तंबूरे, बीन, गिटार, वायलिन, ड्रम, सेक्सोफोन, फ्लूट, क्लेरीनेट, सेलो, ड्रम्प्ट आदि वाद्य यंत्रों से पूरी दुनिया की विभिन्न धाराओं के संगीत से दर्शकों का मनोरंजन किया। मेन चौपाल के समीप पर्यटन निगम के एमडी सुनील कुमार, महाप्रबंधक आशुतोष राजन, मेला प्रबंधक यूएस भारद्वाज, एजीएम हरविंद्र यादव के अलावा मेला प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारी भी कलाकारों का उत्साहवर्धन समयानुसार कर रहे हैं।*

## बंचारी की नगाड़ा पार्टी बिखेर रही हरियाणवी संस्कृति के रंग

**नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरक रहे देशी-विदेशी पर्यटक**



**फरीदाबाद।** इन दिनों सूरजकुंड में चल रहे 38वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में हरियाणा के पलवल जिले के बंचारी गांव से आई बदन सिंह नगाड़ा पार्टी पर्यटकों का खूब मनोरंजन कर रही है। नगाड़ों की थाप पर देशी विदेशी पर्यटक झूमते नजर आ रहे हैं। यह पार्टी हर आगंतुक के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उनके धमाकेदार नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि मेले में आने वाले हर शख्स में अलग ही जोश भर रही है। लोक कलाकारों का यह दल न केवल अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है बल्कि हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं को भी सजीव कर रहा है। ये कलाकार जब पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में रंगमंच पर उतरते हैंए तो पूरे माहौल में हरियाणवी संस्कृति की महक घुल रही है। बदन सिंह नगाड़ा पार्टी की हर प्रस्तुति में दर्शकों का उत्साह चरम पर होता है। जैसे ही नगाड़ों की थाप तेज होती है और कलाकारों ने पारंपरिक हरियाणवी नृत्य शुरू करते हैं वैसे ही दर्शकों में भी ऊर्जा का संचार होने लगता है और स्वयं को दर्शक झूमने पर मजबूर हो रहे हैं। लोक कलाकारों के साथ नृत्य करने लग रहे हैं। हरियाणवी लोकनृत्य की धुनों पर विदेशी पर्यटक भी थिरकते नजर आ रहे हैं वहीं हर एक पर्यटक अपने मोबाइल कैमरे में इस यादगार पल को कैद कर रहे हैं। गांव बंचारी के बदन सिंह कहते हैं कला और संस्कृति को जीवित रखने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार कलाकारों को पूरा मान-सम्मान दे रही है। हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा निरन्तर मेले का अवलोकन कर रहे हैं। नगाड़ा पार्टी पिछले कई वर्षों से लोक संगीत और नृत्य के क्षेत्र में सक्रिय है। उनके पास पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने की अनूठी प्रतिभा है। इस दल के प्रमुख, बदन सिंह, बचपन से ही लोक संगीत में रुचि रखते थे और अपने पूर्वजों से नगाड़ा बजाने की कला सीखी। उन्होंने न केवल इसे जीवित रखा, बल्कि नई पीढ़ी को भी इससे जोडने का कार्य किया।

### आपदा राहत, रक्तदान और जनकल्याणकारी कार्यों में निःस्वार्थ सेवा के लिए मिला प्रशंसा पत्र

# खंडेलवाल को समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



समाजसेवा और आपदा राहत कार्यों में उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और जिला प्रशासन ने विमल कुमार खंडेलवाल को प्रशंसा पत्र प्रदान किया। 2023 की भयावह बाढ़ के दौरान, उन्होंने 500 से अधिक प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खंडेलवाल ने राहत शिविरों की स्थापनाए भोजन वितरण, चिकित्सा सहायता और पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा उन्होंने ब्लड डोनेशन, प्लाज्मा डोनेशन, वैक्सीनेशन, ऑक्सीजन आपूर्ति और दिव्यांग सहायता जैसी कई कल्याणकारी गतिविधियों में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। सम्मान प्राप्त करने पर विमल खंडेलवाल ने कहा कि यह प्रशंसा पत्र मेरे लिए गर्व की बात है। जब भी कोई आपदा आती है, हम स्वयंसेवक अपने प्राणों की परवाह किए बिना मानवता की सेवा में तत्पर रहते हैं। यह सम्मान हमें भविष्य में और भी निष्ठा और समर्पण के साथ समाजसेवा के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायक सिंह सैनी, जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस प्रधान विक्रम सिंह, सचिव बिजेंद्र सौरोत, उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी, महासचिव मुकेश अग्रवाल सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति छात्राओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए वीरवार को जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा सुशांत विश्विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जारी अभियान शक्ति- बाल विवाह के ख़िलाफ़ सशक्त आवाज़” के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं को बताया कि बाल विवाह से दुनिया भर में लड़कियों के जीवन, कल्याण और भविष्य को खतरा है। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। अभियान में डीन प्रोफेसर विजय आनंद दुबे और डॉ. गीतू सिंगल और कुलपति डॉ. राकेश रंजन के नेतृत्व में छात्रों ने इंफॉर्मेटिव पोस्टर बनाकर बालिकाओं को इस महत्वपूर्ण मुद्दे के बारे में बड़ी ही सरलता से समझाया। कार्यक्रम में बालिकाओं को आश्वस्त किया कि ज़रूरतमंद लोगों के लिए क़ानूनी और प्रशासनिक सहायता हमेशा उपलब्ध है।

### पीड़िता को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया

# 4 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस की हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



चार वर्ष बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में डबुआ कालोन थाना पुलिस ने एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार बीते 11 फरवरी को थाना डबुआ में एक 4 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में मामला दर्ज किया था जिसमें पीड़िता की मां ने आरोप लगाए कि 10 फरवरी को किसी नामालूम द्वारा उसकी बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीड़िता का प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल में हुआ, जहां से पीड़िता को रेफर कर दिया गया, जिस पर पुलिस अधिकारियों के निर्देश अनुसार पीड़िता को सेक्टर-21 स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने मामले की गंभीरता के मद्देनजर अनुसंधान के लिए एक एसआईटी गठित करने बारे निर्देशित किया। साथ ही अपराध शाखाओं को भी निर्देश दिए गए कि आरोपी की तलाश कर मामले को कामयाब बनाया जाए। जिस पर पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त बड़खल विष्णु प्रसाद के नेतृत्व में प्रबंधक अफसर महिला थाना एनआईटी, महिला उप निरीक्षक मुकेश व सहायक उप निरीक्षक इशाक खान की एसआईटी गठित की। डबुआ थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में एसीपी विष्णु प्रसाद ने बताया कि यह एक ब्लाइंड वारदात थी।

# एकलोन ने टेक्नोवा क्लब शुरू किया तकनीकी नवाचार को प्रेरित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



एकलोन इंटीट्यूट ऑफ सांइस एंड टेक्नोलॉजी में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसके तहत एक टेक्नोवा क्लब का शुभारंभ किया गया और दूसरा स्टेम सेल डोनेशनल पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। टेक्नोवा क्लब विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित करेगा, तो वहीं दूसरी ओर स्टेम सेल डोनेशन सत्र ने सामाजिक जिम्मेदारी की ओर एक महत्वपूर्ण संदेश देकर जागरूक करने के प्रयास में एक नया कदम होगा। इस बारे में क्लब कोऑर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर शालू शर्मा ने टेक्नोवा क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्लब विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। संस्थान के संस्थापक प्रभात अग्रवाल ने इस पहल को छात्रों के करियर विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया, जिन्हें अतिथियों और शिक्षकों ने सराहा। दूसरी ओर, दत्तरी ब्लड स्टेम सेल डोनर्स रजिस्ट्री से योगेश मल्होत्रा ने स्टेम सेल डोनेशन पर जागरूकता बढ़ाने के लिए सत्र को संबोधित किया। स्टेम सेल डोनेशन गंभीर रक्त विकारों, जैसे कि ल्यूकेमिया और थैलेसीमियाए से पीड़ित मरीजों के लिए जीवनदायी हो सकता है। विद्यार्थियों ने इस अभियान में गहरी रुचि दिखाई और कई ने स्वयं को डोनर के रूप में पंजीकृत करने की इच्छा जताई। एकलोन इंस्टीट्यूट ने इस आयोजन के माध्यम से तकनीकी नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनूठा संगम प्रस्तुत किया।

# यू टर्न पर डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार, एमबीबीएस छात्र की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



अर्थला यू टर्न के पास गुरुवार की रात में सड़क हादसे में यहाँ प्रताप विहार स्थित संतोष मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाईकर एक छात्र की मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक छात्र इलाहाबाद (प्रयागराज )का निवासी था जबकि यहां के संतोष मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे दो छात्र देर रात सड़क हादसे के शिकार हो गए। इनमें से एक प्रयागराज निवासी युवक की मौत हो गई जबकि घायल छात्र सिद्धार्थनगर जिले का निवासी है।

एसीपी रजनीश उपाध्याय के मुताबिक एक कार प्रताप विहार से दिल्ली की तरफ जा रही थी। तभी कार वृंदावन ग्रीन यू टर्न के पास डिवाइडर से टकरा गई। कार में गाजियाबाद स्थित संतोष मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे दो छात्र प्रयागराज निवासी अभिषेक सोमवंशी और सिद्धार्थनगर निवासी अवतांश पांडे सवार थे। हादसा इतना भयंकर था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को संतोष अस्पताल पहुंचाया।जहां अभिषेक सोमवंशी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र और घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### 762 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद होने का मामला

# पुलिस ने 20 हजार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार किया, 8 दिन की रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अपराध शाखा मानेसर और अपराध शाखा सिकंदरपुर की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को बीते बुधवार को मथुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान देशराज निवासी गांव कुनी दौलताबाद, गुरुग्राम के रूप में हुई है।

आगामी पूछताछ के लिए आरोपी को अदालत में पेश करके आठ दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस द्वारा बरामद गांजा से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपी से पुलिस पूछताछ में पता चला है कि बरामद किए गए गांजा को वह ओडिशा से ट्रक में भरकर लेकर आया था और अपने बंद मकान में छुपाकर रखा था। ऐसे में गिरफ्तार आरोपी के तार ओड़िशा से जुड़े हुए हैं।

पुलिस से बचने के लिए आरोपी अलग-अलग स्थानों पर छिपता फिर रहा था। गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखाओं की टीमों ने आरोपी को मुथरा से गिरफ्तार किया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ जो तथ्य सामने आएंगे, उसी अनुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पांच अगस्त 2024 को अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 को सूचना मिली कि पटौदी खंड के गांव नानू खुर्द स्थित एक मकान में काफी मात्रा में अवैध नशीला पदार्थ रखा गया है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा डीएलएफ फेज-4 की पुलिस टीम बताए गए मकान पर पहुंची। मकान के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था। पुलिस टीम ने मकान मालिक राम सिंह निवासी गांव दौलताबाद कुनी, पटौदी से संपर्क करके मकान की तलाशी लेने के बारे में बताया।

पुलिस टीम ने गांव के सरपंच, चौकीदार, ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने मकान का ताला तोड़कर जांच की और वीडियोग्राफी भी की गई। पुलिस टीम ने मकान से पॉलिथीन व बंडलों में 762 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया।

## डीडीए के सस्ते घर के लिए मौका, 8.65 लाख में मिलेगी अपनी छत



■ पंजीकृत श्रमिक होना जरूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की सबका घर आवास योजना के तहत 8.65 लाख रुपये में सस्ता फ्लैट योजना के तहत अभी भी मौका बचा है, जिसमें अपनी छत का सपना साकार हो सकता है। लेकिन इस योजना में केवल पंजीकृत श्रमिक ही भाग ले सकते है। इस बार में डीडीए के एक आला अधिकारी ने बताया कि यह योजना खासकर गरीब तबके के लोगों के लिए लाई गई है। विशेषकर उनके लिए जो लोगों के लिए घर बनाते है लेकिन अपने लिए एक छत का तरस जाते है। अधिकारी ने बताया कि इन फ्लैट्स की बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। योजना का फायदा उठाने के लिए पंजीकृत श्रमिक होना जरूरी है। इस योजना के तहत मिलने वाले फ्लैट की खास बात यह है कि इनकी शुरुआती कीमत 8.65 लाख रुपये है। जिसके लिए बुकिंग राशि 50 हज़ार रुपये है,जबकि इन फ़्लैट्स पर डीडीए 25 प्रतिशत की छूट भी देगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ग के फ्लैट की बुकिंग 31 मार्च 2025 तक की जा सकती है। वहीं इस योजना में एससी और एसटी कैटेगरी के लोग भी बुकिंग कर सकते हैं। जानकारी अनुसार इस योजना में शामिल होने के लिए आवेदन भारतीय नागरिक और 18 साल से ज़्यादा आयु होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक के पास अपना पैन कार्ड होना चाहिए तथा दिल्ली में 67 मीटर से ज़्यादा कारपेट एरिया वाली कोई भी आवासीय संपत्ति नाम पर नहीं होनी चाहिए। इस योजना को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में डीडीए की गत वर्ष हुई एक मासिक बैठक के दौरान मंजूरी दी गई थी।

### निगम पर 14 हजार करोड़ की देनदारी

# दिल्ली नगर निगम आयुक्त ने पेश किया 17 हजार करोड़ का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार ने निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में गुरूवार को नए वित्तीय वर्ष 2025-26 का विशेष बैठक में बजट पेश किया। इस बार के बजट में 318 करोड़ रुपए बढ़ोतरी की गई है। पिछली बार 2024-25 में जहां 16 हजार 683 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया था, वहीं इस बार यह 17 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। बजट भाषण के दौरान आयुक्त अश्विनी ने बताया कि निगम की 14 हजार करोड़ रुपए की देनदारी है और विभिन्न माध्यमों से आय को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस बजट भाषण से पहले महापौर महेश खींची ने पार्षद से विधायक बनने पर बधाई दी। बजट में विभिन्न परियोजनाओं के बारे में बताया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि वित्त विभाग ने अक्टूबर, 2024 में एकीकृत पेंशन मॉड्यूल आरंभ किया गया। जिसके माध्यम से 469 पेंशन मामलों को प्रोसेस किया गया। रेटिंग एजेंसी से दिल्ली नगर निगम की बीबीबी (-) क्रेडिट रेटिंग प्राप्त की। कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के सातवें वेतन आयोग की 450 करोड़ रुपये की बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है।

■ सफाई व्यवस्था पर दिया गया जोर




### गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है निगम

निगम आयुक्त ने बजट भाषण के दौरान बताया कि दिल्ली नगर निगम गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है। निगम पर करीब 14 हजार करोड रुपये की देनदारी है। राजस्व बढ़ाना, अनावश्यक खर्चों पर लगाम लगाना, सरकारी पैसों का सही उपयोग करना और सरकार से मिलने वाले अनुदान में वृद्धि होना बहुत जरूरी है ताकि सफाई, सड़क, जलभराव आदि की व्यवस्था बेहतर हो सके। दिल्ली नगर निगम ने कचरा प्रबंधन और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट गाजीपुर में लगाने की योजना है।

### कई परियोजनाओं पर कार्य जारी

अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सुल्तानपुरी रेलवे क्रॉसिंग का कार्य 64 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। किशनगंज आर.यू.बी. का विस्तार का कार्य 48 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। कड़कड़डूमा में लगभग 116 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लाजपत नगर कॉलोनी अस्पताल के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। डी.वी.डी.बी. के तहत 7 करोड़ 76 लाख रुपये की 8 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिन्हें इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण कर लिया जाएगा।

### - मॉडल गांवों के विकास के लिए 37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर

आयुक्त ने बातया कि नजफगढ़ के रावता और दारौला गांव को मॉडल विलेज घोषित किया गया है, इनके विकास के लिए 37 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। डी.वी.डी.पी परियोजना के तहत 70 करोड रुपये की लागत से 34 कार्य प्रगति पर है। दिल्ली ग्रामोदय अभियान के तहत डी.डी.ए. से दिल्ली नगर निगम को 474 कार्यों की स्वीकृति मिली है जिन पर लगभग 522 करोड़ रुपये की लागत आएगी। 74 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं तथा 208 कार्य प्रगति पर है।

### पार्किंग जनता को समर्पित

आयुक्त ने बताया कि अधचिनी गांव में 56 वाहनों, अमर कॉलोनी लाजपत नगर में 81, निजामुद्दीन बस्ती के निकट 86, गांधी मैदान चांदनी चौक 2,338, कुतुब रोड़ में 174 तथा निगम बोध घाट में 96 कारों की पार्किंग को जनता को समर्पित कर दिया गया है। सांसद स्थानीय विकास निधि (एम.पी.लैड्स.) के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से 27 कार्यों के लिए अनुमोदन प्राप्त हुए है। इन पर कार्य प्रगति पर है।

### इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट की स्थापना की जा चुकी है

पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग के अंतर्गत 200 मीट्रिक टन गोबर/वनस्पति कचरा प्रतिदिन संसाधित करने के लिए बायो मिथेनाइजेशन संयंत्रों की स्थापना का कार्य चल रहा है जिसे मार्च, 2025 तक पूरा करने की संभावना है। 750 मीट्रिक टन वनस्पति कचरा प्रतिदिन संसाधित करने के लिए तीन (03) बायो सी.बी.जी./सी.एन.जी. संयंत्र ओखला, घोघा डेयरी एवं गाजीपुर में लगाने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। डीडीए ने निगम को करीब 47 एकड़ भूमि दी है जिसमें से करीब 32 एकड़ भूमि पर इंजीनियरिंग लैंडफिल साइट की स्थापना की जा चुकी है।

### कूड़े के निष्पादन के लिए 36 स्थानों को किया चिन्हित

आयुक्त ने बताया कि कूड़े के निष्पादन के लिए 36 स्थानों को एफ.सी.टी.एस. निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है। 10 स्थानों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरसाती जल के निकास के लिए तैमूर नगर नाले के सुदृढीकरण कार्य 3 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। महरौली-बदरपुर रोड के आउटफॉल ट्रेन का निर्माण का कार्य 11 करोड़ 90 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम ने सौर ऊर्जा के तहत अभी तक 573 निगम भवनों पर 13.25 मेगावाट क्षमता के रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये हैं।

### 23 हजार से अधिक एलईडी लाइट्स लगी

आयुक्त ने बताया कि अभी तक डार्क स्पॉट्स पर 23 हजार 341 नई एल.ई.डी. लाइट्स लगाई जा चुकी है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पी.पी.पी.) के अंतर्गत नंगली सकरावती एवं गोयला डेयरी में 200 टी.पी.डी. के प्लांट लगाये जा रहे है जिनकी अनुमानित राशि 25 करोड रुपये प्रति प्लांट है। हौज़ खास प्लॉट में 136 तथा सेन्ट्रल मार्किट लाजपत नगर में 246 कार क्षमता की स्वचालित पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

## नेता विपक्ष ने नया कर न लगाने के प्रस्ताव का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह निगमायुक्त अश्वनी कुमार द्वारा वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट अनुमान और 2025-26 बजट अनुमान सदन में पेश करने और कोई नया कर न लगाने के प्रस्ताव का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि निगम आयुक्त ने जनता को राहत दी है लेकिन आप सरकार ने निगम एक्ट की जो धज्जियां उड़ाई है वह सदन उसका गवाह रहा। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि निगमायुक्त को बजट स्थायी समिति के सामने 10 दिसंबर तक पेश करना होता है। स्थायी समिति के सभी सदस्यों के निर्वाचित होने के बाद भी आप सरकार ने समिति का गठन नहीं किया। जिसकी वजह से निगमायुक्त को उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मंजूरी लेकर सदन में बजट पेश करना पड़ा। स्थायी समिति का गठन न करके आप सरकार ने विकास कार्यों को रोक दिया है दिल्ली को दस साल पीछे कर दिया है। नेता विपक्ष ने कहा कि आप सरकार जब से आई है उसने निगम एक्ट की धज्जियां उड़ा दी है। न तो अभी तक तदर्थ और विशेष समितियों का गठन हुआ है और न ही वैद्यानिक शिक्षा और ग्रामीण समिति को आप ने बनाया है। स्थायी समिति का गठन भी लंबित हैं। इसलिए मजबूरन निगमायुक्त ने बजट को सदन में सीधे पेश किया। उन्होंने कहा कि यह आप सरकार की नाकामी है कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कराया है।

### आप के निगम पार्षदों पर भी जनता को विश्वास नहीं रहा

नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार विधानसभा चुनाव में जनमत खो चुकी है और आप के निगम पार्षदों पर भी जनता को विश्वास नहीं रहा है। जो पार्षद आप में काम नहीं होने से दुखी है और वह जनता के हित के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। अब भाजपा को जैसे ही निगम में सेवा का मौका मिलेगा वैसे ही जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। साथ ही वार्ड कमेटियों से लेकर तदर्थ और विशेष समितियों का गठन भी होना चाहिए ऐसा हमारा मानना है। राजा इकबाल ने कहा कि निगम का हर पार्षद इन कमेटियों के जल्द से जल्द गठन की इच्छा रखता है। इसमें आप के पार्षद भी है लेकिन पार्टी के दबाव में वह सार्वजनिक रूप से नहीं बोल पाते हैं।

## आर्यसमाज ने जातिगत जनगणना का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्य समाज ने महर्षि दयानन्द सरस्वती का 201वां जन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर देश की वर्तमान चुनौतियों का चिंतन और समाधान का संकल्प लिया और आर्य समाज द्वारा जातिगत जनगणना के विरोध का प्रस्ताव पारित हुआ। बता दें कि दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आर्य समाज हनुमान रोड कनॉट प्लेस में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभा महामंत्री विनय आर्य, प्रधान धर्मपाल आर्य आदि महानुभाव आदि उपस्थित रहे। बताया गया कि महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रेरणा लेकर आर्य समाज की युवा शक्ति ने वैचारिक क्रांति के लिए जन जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आर्य



केंद्रीय सभा दिल्ली के समस्त वेद प्रचार मंडल एवं आर्य समाज के अधिकारी, कार्यकर्ता और सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष रूप से वर्तमान काल में देश के सामने जो चुनौतियां हैं उन पर चिंतन करते हुए समाज को जागृत करने का संकल्प लिया गया। समाज में बढ़ रहे जातिवाद, ऊँच-नीच, भेद-भाव, को मिटाने, युवाओं को नशे से बचाने, बच्चों को सही दिशा देने, परिवार को मजबूत बनाने, अन्धविश्वास को दूर भगाने तथा शाकाहार और प्राकृतिक खेती को अपनाने आदि विषयों पर जोर दिया गया।

## ऑटो चालक संगठन ने किया कैलाश गहलोत को मंत्री बनाने का विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नई सरकार का गठन अभी नहीं हुआ है लेकिन उससे पहले ही राजधानी के एक आटो संगठन ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से अपील की है कि कैलाश गहलोत परिवहन मंत्री न बनाया जाए। इस बारे में आल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार में परिवहन मंत्री रहे कैलाश गहलोत अब भाजपा से विधायक का चुनाव जीत कर आए है। जबकि आप सरकार में उनके ऊपर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे है और उन पर शराब घोटाले में ईडी पूछताछ भी कर चुकी है। जबकि उन पर अन्य मामलों में भी आरोप लगे है। बावजूद इसके भाजपा ने उन्हें अपनी पार्टी में शामिल करके विधायक भी बना दिया है। उन्होंने कहा कि अब अगर भाजपा गहलोत को मंत्री बनाती है तो दिल्ली के तमाम ऑटो संगठन गहलोत के साथ ही भाजपा का भी विरोध खुलकर विरोध करेंगे।

## अंतर-विश्वविद्यालय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में डीयू ने जीते 16 पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय ने एआईयू के 38वें अंतर-विश्वविद्यालय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में कुल सोलह पुरस्कार जीते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर ने बताया कि हिसार के ॐ स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में 8 से 12 फरवरी तक आयोजित हुए इस महोत्सव में दिल्ली विश्वविद्यालय की कुल 20 टीमों में 41 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में डीयू के प्रतिभागियों ने पांच प्रथम, चार द्वितीय, पांच तृतीय, एक चतुर्थ और एक पांचवां पुरस्कार प्राप्त किया है। डीयू कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंद्र कुमार ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि संगीत श्रेणी में ओवरआल ट्रॉफी का प्रथम विजेता भी दिल्ली विश्वविद्यालय रहा है। उन्होंने बताया कि साहित्यिक श्रेणी में ओवरऑल ट्रॉफी का द्वितीय विजेता डीयू रहा है। इसे साथ ही महोत्सव की ओवर आल ट्रॉफी में भी दिल्ली विश्वविद्यालय फ़र्स्ट रनरअप रहा है।

## भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने उपराज्यपाल से किया स्वास्थ्य योजनाओं को दिल्ली में लागू करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में पूर्व नेता विपक्ष एवं रोहिणी से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर केंद्र सरकार की दो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन और हेल्थ इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम को दिल्ली में तत्काल लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से दिल्लीवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और दिल्ली की ध्वस्त हो चुकी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी। उपराज्यपाल को लिखे पत्र में गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री



आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना, जो 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी, पूरे देश में सफलतापूर्वक लागू हो चुकी है, लेकिन दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की राजनीतिक हठधर्मिता और भ्रष्टाचार के कारण अब तक यह योजना लागू नहीं हो पाई। इस मिशन के तहत केंद्र सरकार ने दिल्ली को 2406 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था, जिसके अंतर्गत 1139 अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, 11 जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक स्थापित किए जाने थे।

### आम आदमी पार्टी के कुशासन में चरमरा गई हैं स्वास्थ्य सेवाएं

विधायक गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी पार्टी के कुशासन में चरमरा गई हैं। केजरीवाल सरकार ने अस्पतालों की दशा सुधारने के बजाय केवल झूठे प्रचार पर ध्यान दिया। दिल्ली की जनता ने जो स्वास्थ्य सुधारों की उम्मीद की थी, वह पूरी नहीं हो पाई। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है और हमारी सरकार आते ही इन योजनाओं को लागू किया जाना जरूरी है।

### सोशल मीडिया पर पावर कट की शिकायतें कर रहे हैं लोग

# सत्ता में आते ही पावर सेक्टर हुआ ध्वस्त लगने लगे लंबे-लंबे पावर कट : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार हटते ही दिल्ली में लंबे-लंबे पावर कट लगने शुरू हो गए हैं। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की कार्यवाहक सीएम आतिशी ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर भाजपा पर यह निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए भाजपा विपदा बन गई है। भाजपा के सत्ता में आने मात्र तीन दिन में ही दिल्ली का पावर सेक्टर ध्वस्त हो गया है। आम जनता के साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता भी एक्स पर ट्वीट कर इसकी शिकायत कर रहे हैं। पॉवर कट से परेशान दिल्लीवाले अब इनवर्टर खरीदना शुरू कर दिए हैं और मान रहे हैं कि इस बार चुनाव में उनसे गलती हो गई, जो वो भाजपा की सरकार ले आए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तीन दिनों में ही दिल्ली को उत्तर प्रदेश बनाना शुरू कर दिया है। अगर फरवरी में इतने




लंबे-लंबे पावर कट हो रहे हैं तो जब मई, जून, जुलाई में 8.50 हजार मेगावॉट बिजली की पिक डिमांड होगी, तब क्या होगा? आरोप लगाते हुए आतिशी ने कहा कि भाजपा को सरकार चलानी नहीं आती, 1993 से 1998 तक भी वह दिल्ली की सत्ता में थी और उस समय भी पावर सेक्टर का बहुत बुरा हाल था।

आतिशी ने कहा कि 8 फरवरी के बाद से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से लगातार लंबे-लंबे पावर कट की शिकायत आ रही है। लोग सोशल मीडिया पर पावर कट की शिकायत कर रहे है। 9 फरवरी को मोहन गार्डन के सैनिक एनक्लेव में 4 घंटे के लिए पावर कट लगा। 8 फरवरी को आश्रम स्थित सनलाइट कॉलोनी में रात भर बिजली गुल रही। 10 फरवरी को पूर्वी दिल्ली के राधेपुर में 2 घंटे के लिए पावर कट हुआ। 10 फरवरी को केजी 2 के विकासपुरी इलाके में 4 घंटे पावर कट हुआ। 11 फरवरी को रोहतक रोड स्थित आनंद पर्वत में 2 घंटे से ज्यादा पावर कट हुआ। 11 फरवरी को मलका गंज एरिया में 5 घंटे पावर कट हुआ। 12 फरवरी को तिलक नगर में 1 घंटे का पावर कट हुआ। 12 फरवरी को उत्तम नगर के विकास नगर एक्सटेंशन में रात भर बिजली गायब रही। उन्होंने कहा कि बड़ी दिलचस्त बात है कि भाजपा के एक पदाधिकारी ने भी एक्स पर ट्वीट कर कहा कि संगम विहार इलाके में 6 घंटे से ज्यादा पावर कट हुआ।

### दिल्ली में कहीं भी नहीं हो रही बिजली कटौती : सचदेवा

■ आतिशी और आप नेता झूठ एवं भ्रम फैलाने में लगे

नई दिल्ली। दिल्ली में कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही सिर्फ इतना है कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं पावर डिस्कॉम की सांठगांठ ऐसी है कि यहां वहां हुए ब्रेक डाउन ठीक करने में समय लगाया जा रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना की प्रेसवार्ता के बाद यह प्रतिक्रिया दी। उन्होने कहा कि आतिशी हों या आम आदमी पार्टी के अन्य नेता सब मिल कर बिजली कटौती का झूठ एवं भ्रम फैलाने में लगे हैं। सचदेवा ने कहा है कि सारी दिल्ली जानती है कि भाजपा गत अनेक वर्षों से दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार एवं निजी पावर डिस्कॉम की सांठगांठ से जनता की लूट करती रही है। हमने पी.पी.ए.सी. एवं अन्य हेडस से बिजली उपभोक्ताओं की लूट को उठा कर उजागर किया है और अब जब भाजपा की सरकार आने वाली है तो कार्यवाहक मुख्यमंत्री साजिश रच रही हैं और इसमे डरा कर डिस्कॉम को भी हाथ मिलाने को बाध्य कर रही हैं। सचदेवा ने कहा है कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री थोथे ब्यान देने की जगह बताएं कि दिल्ली के कौन से हिस्से में बिजली कटौती हो रही है। सचदेवा ने पावर डिस्कॉम प्रशासनों को चेतावनी दी है कि यदि वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री के साथ मिलकर कोई भी कटौती करेंगे या ब्रेक डाउन ठीक करने में अत्यधिक समय लगायेंगे तो वह सरकार गठन के बाद जांच के लिए तैयार रहें।

## एनडीएमसी : 'पार्क में संगीत' के साथ वसंत ऋतु उत्सव का होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के हृदय स्थल नई दिल्ली के हरे-भरे क्षेत्र में वसंत ऋतु का स्वागत करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) आगामी कल, शनिवार को नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में 'पार्क में संगीत' के साथ वसंत ऋतु का उत्सव मनाने जा रही है। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि नेहरू पार्क में नए सफेद और बैंगनी ट्यूलिप के खिलने की पृष्ठभूमि में, एनडीएमसी स्पिक मैके और एसआरएफ के सहयोग से 2025 में 'पार्क में संगीत' श्रृंखला का पहला संगीत कार्यक्रम आयोजित करके वसंत ऋतु का स्वागत कर रही है। एनडीएमसी शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को बसंत के मौसम में नए खिले ट्यूलिप और प्रकृति के साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुंदरता का अनुभव करने के लिए शनिवार, 15 फरवरी 2025 को शाम साढे 5 बजे नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आमंत्रित करती है। इस वर्ष, यह कार्यक्रम तबला वादक उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को समर्पित है, जिन्होंने कई बार म्यूज़कि इन द पार्क मंच की शोभा बढ़ाई है, और अपने असाधारण प्रदर्शन से इसके इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

## निगम मुख्यालय से बाहर निकलेंगे इंस्पेक्टर तो बढ़ सकता है विज्ञापन विभाग का राजस्व

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का राजस्व बढ़ाने में निगम के संपति कर विभाग, पार्किंग विभाग, फैक्ट्री लाइसेंसिंग विभाग, भवन विभाग की तरह ही विज्ञापन विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान है। गुरूवार को निगम आयुक्त अश्विनी कुमार में निगम मुख्यालय में आयोजित विशेष बजट बैठक के दौरान अपने भाषण में विज्ञापन विभाग से राजस्व अर्जित करने की बात कही है। बजट भाषण में बताया गया कि विज्ञापन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 350 करोड़ रुपये की राजस्व आय प्राप्ति का लक्ष्य रखा था और 31 जनवरी, 2025 तक लगभग 288 करोड़ 37 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है। वहीं, इस मामले में देखा जाए तो विज्ञापन विभाग चाहे तो यह यह राजस्व 500 करोड़ के आसपास या अधिक जा सकता है। इसके लिए विज्ञापन विभाग के उपायुक्त, इंस्पेक्टर्स को निगम मुख्यालय के एयर कंडीशनर कक्षों से बाहर निकलना पड़ेगा। बता दें कि दिल्ली में विज्ञापन प्रचार के लिए बनाई गई बाह्य विज्ञापन नीति 2017 का बड़ी



■ साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए के लक्ष्य से ही खुश है निगम

बड़ी अवैध प्रचार सामग्री से जमकर उल्लंघन किया जा रहा है और निगम प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है।

निगम सूत्रों की मानें तो इससे हर वर्ष निगम को करोड़ों रुपए में राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। और बता दें कि निगम प्रशासन यदि साढ़े तीन सौ करोड़ से ही खुश है तो पांच सौ करोड़ रूपए राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य सिर्फ सपनों ही में ही देख सकता है। बता दें कि बड़े बड़े होटल- मोटल संचालक और बड़ी बड़ी नामी कंपनियां निगम प्रशासन के ढुलमुल रवैये के चलते बाह्य विज्ञापन नीति 2017 का उल्लंघन कर रही है और जब भी निगम प्रशासन से इस मामले पर जानकारी मांगी जाती है तो प्रशासन चुप्पी साध लेता है।

# सीएम योगी ने गोरखपुर में किया कल्याण मंडपम का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में नगर निगम की ओर से बनाए गए महानगर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। उन्होंने 102.71 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भी लोकार्पण व शिलान्यास किया। कल्याण मंडपम में गरीब बेटियों के विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यक्रम के लिए सिर्फ 11 हजार रुपये में फाइव फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को खोराबार में नगर निगम की ओर से बनाए गए महानगर के पहले कल्याण मंडपम के लोकार्पण के साथ ही निगम की 102.71 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 76.40 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लिान्यास व 26.31 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण शामिल है।



यह प्रदेश के लिए लोकप्रिय मॉडल बनेगा

## स्वच्छता के नए प्रतिमान गढ़ने के दिए निर्देश

*उन्होंने कहा कि गोरखपुर, विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। वहीं, हमारा भी दायित्व है की हम स्वच्छता के नए प्रतिमान गढ़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को तकियाघाट नाला देखना चाहिए, जहां प्राकृतिक विधि से राप्ती में गिरने वाले नाले को ट्रीट किया जा रहा है। राप्ती में अब गंदा नाला का पानी नहीं गिरेगा। यह पानी खेती बाड़ी के लिए भी उपयोगी हो सकता है। इसके पूरे मुख्यमंत्री ने गोरखपुर विकास प्राधिकरण की ओर से खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी योजना के तहत निर्माण कराए जा रहे मिनी एमआईजी फ्लैट के मॉडल को देखने के साथ ही निर्माणाधीन परियोजना का भी निरीक्षण किया।*

## शादी व मांगलिक कार्य होंगे, फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी

*उन्होंने कहा कि गोरखपुर का कल्याण मंडपम प्रदेश के सभी जिलों के लिए लोकप्रिय मॉडल बनेगा, जहां गरीब बेटियों के विवाह समेत अन्य मांगलिक कार्यक्रम के लिए सिर्फ 11 हजार रुपए में फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा सफाई कर्मचारियों और अन्य सामान्य कर्मचारियों की बेटियों के विवाह के लिए भी इतनी ही धनराशि में कल्याण मंडपम बुक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक निधि से उन्होंने पांच कल्याण मंडपम के लिए पैसा दिया है। गोरखपुर नगर निगम क्षेत्र में सात कल्याण मंडपम बनाए जा रहे हैं जो अगले कुछ महीनों में उपलब्ध हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कल्याण मंडपम में 500 लोगों की क्षमता तक के मांगलिक कार्यक्रम सुविधाजनक ढंग से संपन्न हो सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मृत पशुओं की समस्या का समाधान करते हुए नगर निगम ने इलेक्ट्रिक पशु शवदाह गृह का निर्माण किया है, जहां निश्चित अवधि में उनका अंतिम संस्कार हो जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### लालू रहें न रहें, एनडीए की सरकार आना तय

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के एक बयान के बाद बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। दरअसल



लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि हमलोग के रहते बिहार में भाजपा की सरकार कैसे बन सकती है? इस पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने लालू पर पलटवार किया है। विजय सिन्हा ने कहा कि लालू प्रसाद यादव रहेंगे या नहीं लेकिन बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है।

### फैक्टरी में लगी भीषण आग, अंदर फंसे लोग

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद हनुमान मूर्ति तिराहे के पास स्थित पाइप फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग



लग गई। आग ने तेजी से फैक्ट्री के अंदर के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दूर-दूर तक जहरीला धुंआ फैल गया। कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं, जहरीला धुंआ और आग के कारण राहत कार्यों में कठिनाइयां आ रही हैं।

### शादी समारोह में घुसा तेंदुआ, मची भगदड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बुधवार को एक शादी के दौरान जो हुआ उससे भगदड़ मच गई दरअसल



यहां समारोह के बीच रात लगभग 8 बजे एक तेंदुए की घुस जाने की खबर से लोग दहशत में आ गए। शहर के बुद्धेश्वर एमएम लॉन में हो रही इस शादी के मेहमान तेंदुए से अपनी जान बचाने के लिए सड़कों पर भाग खड़े हुए। बता दें कि रेस्क्यू टीम की राइफल पर भी झपट्टा मारा था।

## बिहार में घूसखोरी रोकने को अब बनाई गई नई यूनिट

# एसपी से सचिव तक के भ्रष्टाचार की जांच अब सीआईसीडी से

नीतीश सरकार ने मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय नाम से चौथी संस्था बनाने का फैसला किया

*बिहार में भ्रष्टाचार रोकने के लिए पहले से काम कर रहे तीन विभागों के बाद अब नीतीश सरकार ने मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय बनाया। यह कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर और सचिव तक के गलत काम की जांच करेगा।*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए पहले से काम कर रही तीन संस्था स्पेशल विजिलेंस यूनिट, इकोनॉमिक ऑफेंस यूनिट और विजिलेंस इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो के बाद अब नीतीश कुमार सरकार ने मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय नाम से चौथी यूनिट बनाने का फैसला किया है। सरसरी तौर पर मुख्य जांच आयुक्त बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करेंगे जिसमें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, एसडीपीओ, डीएम, एसपी, कमिश्नर, संयुक्त सचिव, अपर सचिव, सचिव और सचिव से ऊपर के सचिव पदनाम वाले अफसर भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के मातहत काम करने वाले सामान्य प्रशासन विभाग से संबद्ध इस निदेशालय का प्रमुख महानिदेशक और मुख्य जांच आयुक्त कहा जाएगा। इस पद पर मुख्य सचिव स्तर के मौजूदा या रिटायर्ड अफसर तैनात किए जा सकेंगे जिनका कार्यकाल 5 साल या 70 साल की उम्र तक होगा। इनके अंदर जांच आयुक्त, संयुक्त जांच आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, अपर समाहर्ता विभागीय जांच जैसे पद पर अफसरों की तैनाती होगी। सरकार ने अपनी अधिसूचना में साफ किया है कि कौन किस स्तर के अफसर या कर्मचारी के भ्रष्टाचार की जांच करेगा। लेकिन सरकार चाहे तो कोई भी जांच मुख्य जांच आयुक्त को सौंप सकती है।

**खास बातें**

- मुख्य जांच आयुक्त बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करेंगे
- सामान्य प्रशासन विभाग से संबद्ध होगा निदेशालय



### अफसरों के कदाचार, बेईमानी व घूसखोरी के मामले निदेशालय देखेगा

मुख्य जांच आयुक्त को वेतनमान 9 और उससे ऊपर के अफसरों के खिलाफ शिकायतों की जांच करनी है। इसमें डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डीएम, एसपी और ऊपर जाने पर सचिव स्तर तक के पदाधिकारी आते हैं। निदेशालय की मदद के लिए प्रमंडल स्तर पर संयुक्त जांच आयुक्त, जिला में अपर समाहर्ता विभागीय जांच, सभी विभागों में संयुक्त सचिव स्तर के एक अफसर की ड्यूटी भी लगेगी। अफसरों के कदाचार, बेईमानी और घूसखोरी के मामले निदेशालय देखेगा और रंगे हाथ पकड़े जाने वालों को भी।

### भ्रष्टाचार के मामलों की पेशेवर तरीके से होगी जांच

*सरकार से जुड़े एक अफसर ने बताया कि इस निदेशालय की जरूरत लंबे समय से थी क्योंकि कई बार विभागीय जांच के बाद अफसर या कर्मचारी पर जो कार्रवाई की जाती है, उसका कोर्ट में प्रक्रिया का पालन नहीं करने के कारण बचाव करना मुश्किल हो जाता है। निदेशालय का गठन इसलिए किया गया है कि भ्रष्टाचार के मामलों की पेशेवर तरीके से जांच हो, पूरी प्रक्रिया के तहत रिपोर्ट बने और तब कार्रवाई हो जिसे न्यायालय में डिफेंड किया जा सके।*

## दुष्कर्म की सजा काट रहे पूर्व विधायक पति

# पूर्व एमएलसी रामकली के खिलाफ असलहा मामले में मुकदमा दर्ज

एजेंसी ▶▶ भदोही



तीन में से दो असलहे जमा किए थे

आगरा जेल में दुष्कर्म की सजा काट रहे पूर्व विधायक विजय मिश्र व उनके परिवार पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस ने उनकी पत्नी व पूर्व एमएलसी रामलली मिश्र के खिलाफ पुलिस ने असलहा व उसका लाइसेंस जमा न करने का मुकदमा दर्ज किया है।

2021 में जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने पूर्व विधायक के परिवार में तीन असलहे (दो रिवाल्वर व एक रायफल) व उनके लाइसेंस गोपीगंज कोतवाली में जमा करने का आदेश जारी किया था।

इसमें दो जमा हो गए पर रायफल व लाइसेंस अब तब जमा नहीं हो सका। इसे जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

### नोटिस भी किया था चस्पा

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट की अदालत से 8 दिसंबर 2021 को लाइसेंस निरस्तीकरण का आदेश जारी हुआ था। इसके लिए पुलिस ने 28 जून 24 को विधायक के कौलापुर, गोपीगंज आवास व खपटिहा, हंडिया प्रयागराज में नोटिस चस्पा की। दूसरा नोटिस 5 फरवरी 25 को चस्पा हुआ तो विजय मिश्र व उसके बेटे विष्णु के नाम दो रिवाल्वर व उसके लाइसेंस थाने में जमा हुए। रामलली मिश्रा के नाम से जारी रायफल व लाइसेंस अब तक जमा नहीं हो सका। इस पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खंडित देव मूर्ति विसर्जन अभियान धार्मिक परंपराओं का सम्मानः डॉ. गिरी

**नई दिल्ली।** लोगों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए गोरक्षा दल भिवानी व भिवानी परिवार मैत्री संघ दिल्ली ने विगत दिवस खंडित देव मूर्ति विसर्जन एवं निस्तार अभियान चलाया। इसके तहत विभिन्न मंदिरों व नहरों के समीप से खंडित देव प्रतिमाओं को एकत्रित किया गया और गांव पालुवास की गौशाला में हवन के उपरांत एक गड्ढे में विधिवत रूप से इनका निष्पादन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जहरगिरी आश्रम के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डा. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में किया गया। इस मौके पर श्रीमहंत डा. अशोक गिरी महाराज ने गौरक्षा दल भिवानी व भिवानी परिवार मैत्री संघ के इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि खंडित देव मूर्ति विसर्जन एवं निस्तारण अभियान धार्मिक परंपराओं के सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में खंडित मूर्तियों की पूजा नहीं की जाती।

- गोरक्षा दल व बीपीएमएस के संयुक्त अभियान की सर्वत्र प्रशंसा
- अलग-अलग स्थानों से एकत्रित खंडित देव मूर्तियों का निष्पादन



## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान आज गुरुग्राम में

**गुरुग्राम।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान शुक्रवार 14 फरवरी को गुरुग्राम में होंगे। वह देश की प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह दो दिन 14-15 को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान धर्मेन्द्र प्रधान देश की शिक्षा नीति के नए सौपानों, आयामों पर विचार व्यक्त करने के साथ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों को पीएचडी, गोल्ड मेडल व स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक विषयों के छात्रों को डिग्रियां प्रदान करेंगे।

## साले सुभाष यादव का लालू पर गंभीर आरोप



**पटना।** आरजेडी प्रमुख लालू यादव के साले सुभाष यादव ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने राजद प्रमुख पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि लालू यादव के शासनकाल में सीएम आवास में अपरहण की डील होती थी। जिसमें लालू भी शामिल रहते थे। मुख्यमंत्री आवास में इसको लेकर बैठकें होती थी। सुभाष यादव ने एक अपहरण के मामले का खुलासा किया।

## संभल में सामने आई एक और नई जानकारी

# सर्वे रिपोर्ट में 150 साल पुरानी मंदिर के सबूत, मूर्तियों को नीचे मोड़ा गया

एजेंसी ▶▶ संभल

संभल की जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर एक और नई जानकारी सामने आई है। प्रशासन का दावा है कि सन 1874 यानी 150 साल पुरानी सर्वे रिपोर्ट में भी जामा मस्जिद में मंदिर के साक्ष्य मिले थे। ब्रिटिश इंजीनियर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के जनक कहे जाने वाले मेजर जनरल ए कनिंघम की देखरेख में यह रिपोर्ट तैयार हुई थी।

आर्कोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अंतर्गत 1874-75 में ब्रिटिश पुरातत्ववेत्ता कैरलेइल ने



इसे तैयार किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस इमारत का बेहतरीन गुंबद शायद अपनी तरह का अनूठा है। यह की-स्टोन से लेकर जमीन तक एक स्पष्ट खोखला खोल है।

इसका आकार एक विशाल थिंबल के अंदर के खोखले जैसा है। लगता है कि इमारत को मस्जिद में बदलने के लिए मोहम्मदी विंग जोड़े गए। जहां भी दीवारें प्लास्टर से रहित थीं, मैंने पाया कि ईंटें छोटी थीं और मिट्टी के गारे में लगी थीं।

पुराने हिंदू और आधुनिक मोहम्मदी काम के बीच एक स्पष्ट और अलग अंतर है। पुराने हिंदू मंदिर को मोहम्मदी परिवर्धन से तुरंत अलग किया जा सकता है। ब्रिटिश पुरातत्ववेत्ता ने लिखा है कि मैं केवल इतना कह सकता हूं कि कई स्थानों की जांच करने पर जहां प्लास्टर टूटा हुआ था, मैंने पाया कि कुछ स्थानों पर पत्थर उजागर थे। मुसलमानों ने अधिकांश पत्थर हटा दिए।

## पेज एक का शेष

### नया टैक्स बिल...

बनाया जाएगा ताकि कोई भी आम इंसान इसे आसानी से समझ सके। ज्ञात हो कि निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश करने के दौरान बड़ा ऐलान करते हुए कहा था कि अब 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई टैक्स देना नहीं पड़ेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 12 लाख रुपये तक की कमाई वाले लोगों को टैक्स में ये छूट देकर सबको चौंका दिया था।

### भारतीयों के स्वागत...

उनके प्रति आभार जताया और कहा कि सर्दी की ठंड में गर्मजोशी से स्वागत! ठंड के मौसम के बावजूद, वाशिंगटन डीसी में भारतीय समुदाय ने मेरा बहुत ही विशेष स्वागत किया है। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

### तुलसी गेबार्ड से हुई...

निदेशक तुलसी गेबार्ड से मुलाकात की। उनकी नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। साथ ही भारत-अमेरिका मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। जिसकी वे हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं।

**आतंकवाद, साइबर सुरक्षा पर हुई चर्चा :** विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में तुलसी गेबार्ड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा कि दोनों के बीच हुई चर्चा में खासतौर पर आतंकवाद से मुकाबला, साइबर सुरक्षा, उभरते हुए खतरों और सामरिक खफिया आदान-प्रदान जैसे विषयों पर द्विपक्षीय खुफिया सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वार्ता के दौरान गेबार्ड के साथ पूर्व में हुई अपनी मुलाकातों को याद किया। इसके अलावा आपसी हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श करते हुए एक सुरक्षित, स्थायी और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

### सरकार ने शुरू की 1 हजार...

**विक्रेता के चयन में आसानी होगी :** आरएफआई में कहा गया है कि इसकी मदद से हेलिकॉप्टर से जुड़ी हुई सेवा गुणवत्ता आवश्यकताओं (एसक्यूआर) को अंतिम रूप देते हुए खरीद की मंजूरी और भारतीय विक्रेता की पहचान की जाएगी। जो हेलिकॉप्टरों का निर्माण देश के अंदर ही करेंगे। आरएफआई के पहले भाग में उपकरणों के प्रयोग का उद्देश्य, लक्ष्य और रणनीतिक आवश्यकताओं को रेखांकित किया गया है। साथ ही इसमें देश के अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों की भौगोलिक परिस्थिति का भी उल्लेख किया गया है। जहां इन हेलिकॉप्टरों की तैनाती की जानी है।

### भारत-पाकिस्तान के बीच...

भारी कैलिबर वाले हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। एलओसी पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। एलओसी पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर हमारे एक पीटीएल पर संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण उत्पन्न हुए तनाव को स्थापित तंत्र के माध्यम से निपटाया जा रहा है। उक्त मामले पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष उच्च स्तर पर चिंता व्यक्त की गई है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन ...

विधानसभा सत्र 12 अगस्त 2024 को बुलाया किया गया था। लेकिन बीते दिन यानी बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाने की समय सीमा खत्म हो गई।

### वही करना पड़ा जिसकी...

यह तब हुआ है जब फरवरी 2022 में भाजपा और उसके सहयोगियों को भारी बहुमत मिला, लेकिन उनकी राजनीति ने महज़ पंद्रह महीनों के भीतर इस भयानक त्रासदी को जन्म दिया। यह तब हुआ है जब केंद्रीय गृह मंत्री मणिपुर की स्थिति संभालने में पूरी तरह से विफल रहे, जबकि इस दायित्व को प्रधानमंत्री ने उन्हें सौंपा था। और यह तब हुआ है जब दुनिया भर में घूमने वाले प्रधानमंत्री, मणिपुर जाने और वहां सुलह प्रक्रिया शुरू करने से लगातार इनकार करते रहे। विदित हो कि मणिपुर में कुकी और मैतेयी समुदाय के बीच महीनों चले खून ख़राबे पर कांग्रेस पार्टी ने कई बार केंद्र सरकार से मांग किया था कि मुख्यमंत्री इबोबी सिंह को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, लेकिन विभिन्न कारणों से तब ये संभव नहीं हो सका था।

### सरकार सुरक्षा के लिए ...

कहा कि सरकार जीवन व आजीविका की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगी। हम चीन के साथ जुड़े रहकर अपने हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### टेक गुरुजी गौरव चौधरी ...

**राधिका ने समझाया डेटा साइंस का महत्व :** राधिका गुप्ता ने एआई, डेटा साइंस और कोडिंग के बढ़ते महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कैसे प्रौद्योगिकी की भूमिका का विस्तार जारी रहेगा? जिससे छात्रों के लिए इसे समझना और सही तरीके से उपयोग करना आवश्यक हो जाएगा। एक छात्र के प्रश्न के जवाब में गुप्ता ने कहा कि कैसे एआई को कक्षाओं की चर्चा में शामिल किया जा सकता है। जिससे सीखने को बेहद आकर्षक और बेहतर बनाया जा सके। प्रौद्योगिकी को एक उपकरण के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए।

**कतर, दोहा से छात्रों ने पूछे सवाल :** मंत्रालय ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा के इस एपिसोड में छात्रों ने दोहा, कतर और कुवैत के छात्रों ने एआई अनुप्रयोगों और उनके प्रभावों के बारे में सवाल पूछे। अतिथियों ने बच्चों को प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग के गुर सिखाने के लिए एआई-ट्विस्टेड डंब चाराड्स गेम में भाग लिया। उन्होंने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ.ए.पी.जे अब्दुल कलाम की एआई-जनरेटेड फोटो भी बनाकर दिखाई। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने इसकी मुख्य बातें साझा कीं। जिनमें अपने निर्णय स्वयं लें और पर्याप्त नींद लें जैसे विषय शामिल थे।

CNH CAPITAL

**CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
(CIN: U65999DL2017PTC325228)
**Regd Office:** 4th Floor Rectangle No.1 Behind Marriot Hotel,
Commercial Complex D4, Saket, New Delhi South Delhi DL 110017 IN
**Statement under Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the quarter and nine months ended 31 December 2024**
(Rs. in Millions)

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31 December 2024**

| S.No. | Particulars | Quarter ended 31.12.2024 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2024 (Unaudited) | Quarter ended 31.12.2023 (Unaudited) | Nine months ended 31.12.2024 (Unaudited) | Nine months ended 31.12.2023 (Unaudited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 691.60 | 562.41 | 643.47 | 1,836.42 | 1,840.04 | 2,411.70 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 370.76 | 98.54 | 240.86 | 686.52 | 546.55 | 779.82 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 370.76 | 98.54 | 240.86 | 686.52 | 546.55 | 779.82 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 276.85 | 71.80 | 149.90 | 511.31 | 378.14 | 582.58 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 279.00 | 71.80 | 147.73 | 516.08 | 372.10 | 575.60 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 1,469.77 | 1,190.80 | 750.20 | 1,483.63 | 750.20 | 953.70 |
| 8. | Securities Premium Account | - | - | - | - | - | - |
| 9. | Net Worth | 5,441.77 | 5,162.80 | 4,722.20 | 5,455.63 | 4,722.20 | 4,925.70 |
| 10. | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 12,918.82 | 13,184.14 | 13,627.65 | 12,918.82 | 13,627.65 | 12,941.59 |
| 11. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 12. | Debt Equity Ratio | 2.37 | 2.55 | 2.89 | 2.37 | 2.89 | 2.63 |
| 13. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)* | | | | | | |
| | a) Basic | 0.70 | 0.18 | 0.38 | 1.29 | 0.95 | 1.47 |
| | b) Diluted | 0.70 | 0.18 | 0.38 | 1.29 | 0.95 | 1.47 |
| 14. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA | NA | NA |

*Quarter, half year & 9 month end Basic EPS and Diluted EPS are not annualised

Note 1: The above unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31 December 2024 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 13 February 2025 and are limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company pursuant to the requirement of Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015 (as amended) including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Note 2: The above is an extract of the detailed format of the quarter and half year ended results filed with the Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015. The full financial results are available on the website of BSE (https://listing.bseindia.com).

Note 3: For other items referred to in the sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the BSE and can be assessed on (https://listing.bseindia.com).

Note 4: The results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard (Ind AS) 34 - "Interim Financial Reporting" as prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 (the Act) and other accounting principles generally accepted in India.

For CNH Industrial Capital (India) Private Limited
Sd:-
Vishal Chaudhury
Managing Director
DIN No.: 09463209

Place: Gurugram
Date: 13 February 2025

चिंतन

# एआई का लोकतंत्रीकरण समूचे विश्व के हित में

फ्रांस में दो दिवसीय एआई सम्मेलन में भारत ने इस तकनीक के लोकतंत्रीकरण पर जोर दिया। एआई की बढ़ती स्वीकार्यता के बीच इस तकनीक को लेकर भारत की यह सोच विश्व के अधिकांश विकासशील देशों के हित में है। फ्रांस भी एआई को सार्वजनिक हित में लाभकारी बनाने के पक्ष में है। इस तकनीक पर किसी भी देश का एकाधिकार विश्व में वंचित देशों को अहित करेगा। विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित खाई बढ़ेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बाजार को लेकर अमेरिका और चीन के बीच मचे घमासान के दौर में फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई सम्मेलन का वैश्विक महत्व है और इसमें भारत की उपस्थिति के बहुत मायने हैं। एआई सम्मेलन से इतर भारत और फ्रांस के बीच एआई, परमाणु ऊर्जा व इनोवेशन के क्षेत्र में दीर्घावधि साझेदारी पर सहमति बनी है, जिसमें एआई अनुसंधान, नवाचार और डेटा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों मुल्क एआई के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नीति-निर्माण में सहयोग करेंगे। फ्रांस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से 'इंडिया-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन 2026' का आधिकारिक लोगो लॉन्च किया। यह पहल दोनों देशों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। दोनों देश न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में अपने सहयोग बढ़ाएंगे। एडवांस्ड मॉड्यूलर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर स्थापित करेंगे। यह पहल साफ और सतत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। दोनों देश न्यूक्लियर साइंस और टेक्नोलॉजी में सहयोग करने पर भी सहमत हुए हैं। फ्रांसीसी स्टार्ट-अप इनक्यूबेटर स्टेशन एफ में 10 भारतीय स्टार्टअप की मेजबानी के लिए समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। ये सभी सहयोग समझौते उच्च तकनीकी दक्षता हासिल करने में भारत की मदद करेंगे। पिछले 25 वर्षों में भारत व फ्रांस के बीच एक बहुआयामी संबंध विकसित हुआ है। एआई में चीन की डीपीसीक तकनीक की सनसनी ने हलचल मचा दी है। भारत दस महीने में अपना एआई मंच विकसित करेगा। अमेरिका की कोशिश इस पर बादशाहत की है, जबकि भारत व फ्रांस जैसे उदारवादी लोकतांत्रिक देश तकनीक की पहुंच सब तक सुनिश्चित करने की जमीन तैयार कर रहे हैं। एआई आज के समय में किसी भी देश की बड़ी जरूरत बन गया है। भारत में करीब 70 फीसदी कंपनियां तकनीकी जरूरतों को एआई से जोड़ रही हैं। अगले 2 साल में एआई पर 44 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस दौरान एआई, जनरेटिव एआई और एनालिटिक्स में 1.2 लाख अधिक नौकरियां पैदा होंगी। भारत ने बजट में मिशन एआई के लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। भारत 3 एआई एक्सीलेंस सेंटर बना रहा है। अमेरिका, चीन, ब्रिटेन के साथ भारत मिशन एआई का नेतृत्व कर रहा है। वैश्विक स्तर पर एआई के विकास मॉडल में सामंजस्य, एकरूपता, खतरे को न्यूनतम करने के तरीके आदि का समावेशन जरूरी है। भारत में एआई के विकास व इसके दुरुपयोग पर रोक में अहम भूमिका निभाने की क्षमता है। एआई सम्मेलन में शिरकत से भारत की टेक पावर को ग्लोबल फोरम पर उभरने का अवसर मिला है। भारत ने एआई को केवल कुछ विशेष देशों, संस्थाओं या कंपनियों के उपयोग के लिए सीमित करने के बजाय सबके लिए, विशेष रूप से विकासशील और गरीब देशों के लिए उपलब्ध कराने की वकालत की है।

वैलेन्टाइन डे

श्वेता गोयल



# जब शब्द कम पड़ जाएं तब बोलते हैं गुलाब

वैलेंटाइन दिवस का अवसर हो और फूलों का जिक्र न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। अपने दिल की बात यदि आप जुबां से कहने की हिम्मत न जुटा पाएं तो आपका यह काम फूल बेहद आसान कर देते हैं। वैसे भी फूलों के बिना प्यार का इजहार तो अधूरा ही माना जाता है और जब बात फूलों की छिड़े तो फूलों के राजा गुलाब का तो कहना ही क्या! कवियों, शायरों से लेकर प्रेमियों तक की पसंद रहा है गुलाब। यहां तक कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू भी गुलाब के दीवाने थे, जिनकी अचकन में सदैव गुलाब का फूल लगा रहता था। मुगल बेगम नूरजहां को लाल गुलाब बेहद प्रिय था और कहा जाता है कि नूरजहां को खुश करने के लिए उनके शौहर प्रतिदिन कई टन ताजे गुलाब उनके महल भिजवाया करते थे। गुलाब के इत्र का आविष्कार नूरजहां ने ही किया था। वैलेंटाइन डे तो प्रेमियों द्वारा एक-दूसरे को उपहारों के साथ-साथ गुलाब भेंट करने का भी सबसे अच्छा मौका है। दुनियाभर में गुलाब की करीब एक हजार प्रजातियां पाई जाती हैं। कहने को गुलाब भले ही कई रंगों और रूपों में देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में गुलाब के सभी रूप और रंग प्रेम के इजहार और शांति का प्रतीक हैं और गुलाब के हरेक रंग का अपना अलग ही मतलब है। गुलाब अपनी भाषा में आपकी भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाता है। कहीं ऐसा न हो कि गुलाब के माध्यम से आप अपने प्रेमी अथवा प्रेमिका को जो संदेश देना चाहते हैं, गलत रंग के फूल के चुनाव से वह संदेश गलत अर्थ में आपके साथी तक पहुंचे, इसलिए यदि आप किसी को गुलाब दे रहे हैं तो अपनी भावनाओं को व्यक्त करने से पहले आपके लिए यह जान लेना बहुत जरूरी है कि आपकी भावनाओं के हिसाब से किस रंग के गुलाब का चयन सबसे बेहतर रहेगा। आइए जानें विभिन्न रंगों के गुलाब के फूलों की भाषा। वैलेंटाइन डे पर लाल गुलाब का चलन सर्वाधिक होता है। सुर्ख लाल गुलाब अजर-अमर प्रेम तथा पैशन का प्रतीक है और इसका उपयोग प्रेम का इजहार करने के लिए ही किया जाता है। किसी के लिए आपके दिल में कितना प्यार है, यह लाल गुलाब से बेहतर भला और कौन व्यक्त कर सकता है। यदि साथी लाल गुलाब को स्वीकार कर लेता है तो इसका अर्थ है कि उसे आपका प्रेम प्रस्ताव स्वीकार है। यदि आप किसी को बेइंतहा प्यार करते हैं और चाहते हैं कि वह आपके इस प्यार को आसानी से समझ सके तो उसे प्यार की निशानी के तौर पर लाल रंग का गुलाब भेट कर सकते हैं, जो आपके प्यार का इजहार करने में आपकी मदद करेगा। गुलाबी गुलाब सौम्यता, मित्रता और दिल की धड़कन का प्रतीक है। वैलेंटाइन डे पर गुलाबी गुलाब देने का अर्थ है कि दिल की धड़कन अब सिर्फ और सिर्फ तुम्हारे लिए ही धड़क रही है। किसी दोस्त को आप अपने साथ का अहसास कराना चाहते हैं तो हल्के गुलाबी रंग का गुलाब उस अहसास को उस तक पहुंचाने का कार्य करेगा। सफेद गुलाब गोपनीयता, मासूमियत, मौन, पवित्रता तथा सच्चे, निर्मल और आध्यात्मिक प्रेम का प्रतीक है। सफेद गुलाब सच्चे प्रेम और मस्तिष्क की शुद्धता को दर्शाता है। यह शांति और स्वच्छता का प्रतीक भी माना जाता है। यदि आप किसी से माफी मांगने के लिए उसे कुछ देना चाहते हैं तो सफेद गुलाब भेंट कर सकते हैं। पीला गुलाब सामाजिकता और मित्रता का प्रतीक है। दरअसल पीले रंग का गुलाब मित्रता की निशानी माना जाता है और कहा जाता है कि प्यार की शुरूआत हमेशा मित्रता से ही होती है। काला गुलाब बिछुड़ते दिलों के लिए है और विदाई का प्रतीक है। यदि कोई जबरदस्ती आपके पीछे पड़ा है और आप उससे प्यार नहीं करते या किसी के साथ प्रेम संबंधों को जारी रखना अब आपके लिए संभव नहीं हो पा रहा तो जुबां से कुछ कहने के बजाय प्रेमपूर्वक उसे काला गुलाब दे दें, आपका काम हो जाएगा। बैंगनी गुलाब पहली नजर के प्यार का इजहार करने के लिए परफेक्ट माना जाता है। गहरा बरगंडी गुलाब अचेत सुंदरता का प्रतीक है। नारंगी गुलाब भावनाओं, आकर्षण और अनंत प्यार का प्रतीक है। नारंगी गुलाब हमारी इच्छा को बताने का कार्य करता है। लाल-सफेद गुलाब दोनों एक साथ देना एकता का प्रतीक है जबकि लाल-पीला गुलाब खुशी की भावनाओं का इजहार करते हैं। सफेद गुलाब की बंद कली देने का अर्थ है कि अभी आप मेरे प्यार के लिए बहुत छोटे हैं जबकि गुलाब का एक फूल सीधेपन का प्रतीक है। गुलाब की कलियां संदेश देती हैं कि आप युवा और बहुत सुंदर हैं जबकि खिले गुलाब के साथ रखी दो कलियां सुरक्षा के आश्वासन की प्रतीक हैं और कांटेरहित गुलाब की डंडी पहली नजर के प्रेम की प्रतीक है।

((लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विदेश यात्रा

अरविंद जयतिलक

# नए क्षितिज पर भारत-फ्रांस संबंध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश बढ़ाने के साथ-साथ डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन, मध्य-पूर्व एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में त्वरित सुधार पर भी जोर दिया है। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी प्रकार के आतंकवाद से मिलकर निपटने की प्रतिबद्धता के साथ आतंकवाद के फंडिंग नेटवर्क को भी ध्वस्त करने की प्रतिबद्धता जताई है। चूंकि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी अब नया आयाम ले रही है। इस नाते दोनों देशों ने एआई (आटिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया।

दोनों देशों ने संकल्प व्यक्त किया है कि वे एक फ्रेमवर्क बनाएंगे जिससे कि ऐसा जनरेटिव एआई विकसित हो जो भेदभाव रहित समानता पर आधारित हो। दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एक-दूसरे को सहयोग का भरोसा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के शहर मासेय में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का शुभारंभ किया जिसकी एक अरसे से जरूरत महसूस की जा रही थी। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों के आर्थिक कारोबार को नई ऊंचाई मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन भारतीय सैनिकों की शहादत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने प्रथम विश्व युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी। प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में अब दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक दूसरे का स्वर बनेंगे। गौर करें तो विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक समझौते हुए हैं जिससे दोनों देशों के सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। अभी गत वर्ष ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। दोनों देश विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य सेवा सहयोग, कृषि समेत पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रिफार्म्स के मसले पर भी कंधा जोड़े हुए हैं। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत के इरादे का समर्थन कर चुके हैं। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान सभी क्षेत्र में कंधा जोड़ आगे बढ़ने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में



रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितना मधुर संबंध है, इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। तब उन्होंने कहा था कि विश्व इतिहास में एक दिग्गज, भविष्य में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला, रणनीतिक साझेदार एक मित्र का स्वागत करने पर उन्हें गर्व है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्कों ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है। दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। फ्रांस आत्मनिर्भर भारत मुहिम का साझीदार बनने के साथ-साथ 2025 तक बीस हजार भारतीय छात्रों को अपने यहां पढ़ाई का सुअवसर उपलब्ध कराने का ऐलान कर चुका है। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एकदूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था।

भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका काई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोला। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक है। दरअसल दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। मसलन हिंद-चीन क्षेत्र की स्वतंत्रता मुद्दे पर जहां भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र की आजादी की बात पर बल देता है, वहीं फ्रांस लगातार औपनिवेशिक स्थिति बनाए रखने का पक्षधर रहा है। दोनों देशों ने मोरक्को, तुनीसिया और अल्जीरिया की उपनिवेशिक स्थिति पर विरोधात्मक विचार प्रकट किए। 1956 में मिस्र द्वारा स्वेज नहर के राष्ट्रीयकरण के मुद्दे पर भी भारत ने बहुत सशक्त रूप से फ्रांस व ब्रिटेन के संयुक्त प्रयास का विरोध किया। इस संयुक्त हस्तक्षेप के विरोध में भारत ने मिस्र का साथ दिया। 1958 में डी गॉल के फ्रांस के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आना शुरू हो गया। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है, वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित

दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है। जब आपके पास एक बड़ा लक्ष्य होता है, जिस पर आप काम कर रहे होते हैं।

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## प्रयागराज कुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला उत्सव के दौरान संगम तट पर एक साधु के शिविर में गुरुवार को श्रद्धालु उनसे आशीर्वाद लेते हुए।



## आज की पाती

### जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है परीक्षा

हर वर्ष परीक्षा के मौसम में एक ही कहानी दोहराई जाती है। छात्रों पर असीमित दबाव, माता-पिता की बढ़ती चिंताएं, और समाज की अपेक्षाएं। लेकिन क्या हम कभी सोचते हैं कि इस दबाव का हमारी युवा पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ता है? क्या परीक्षा वाकई इतनी महत्वपूर्ण है कि हम अपने बच्चों का बचपन और उनकी खुशियां दांव पर लगा दें? इसी संदर्भ में परीक्षा के मौसम में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उन्होंने 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और अभिभावकों से संवाद किया, जिसमें उन्होंने परीक्षा के दबाव से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कई छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने के दबाव में अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं। परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह सीखने का एक माध्यम है। यह जिंदगी का एक पड़ाव मात्र है। *– अजय चौबे, भिलाई*

## करंट अफेयर

### पॉल कपूर दक्षिण एशियाई मामलों के राजनयिक बने



दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति और अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिज़स्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ अमेरिकी संबंधों से जुड़े मामलों को देखता है। भारतीय मूल के कपूर वर्तमान में 'यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल' के राष्ट्रीय सुरक्षा मामला विभाग में प्रोफेसर हैं। उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं।

## ऑफ बीट

### भोजन आपकी आंत से कितनी तेजी से गुजरता है?

हममें से कई लोग खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों पर ध्यान देते हैं और स्वयं से पूछते हैं कि क्या वे हमारे लिए पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक हैं। लेकिन क्या आपने कभी स्वयं से यह पूछा है कि यह भोजन आपके पेट से कितनी तेजी से गुजर रहा है? इस सवाल का जवाब वाकई बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भोजन जिस गति से आपके पाचन तंत्र से गुजरता है, उसका असर आपके स्वास्थ्य और सेहत पर कई तरह से पड़ता है। एक बार जब आप अपना भोजन चबाकर निगल लेते हैं, तो यह भोजन जठरांत्र मार्ग से होकर अपनी यात्रा शुरू करता है – एक लंबा और घुमावदार मार्ग जो मुंह से शुरू होकर गुदा पर समाप्त होता है। रास्ते में, यह विशेष अंगों तक पहुंचता है, जो उसे पचाते हैं (पेट), पोषक तत्वों को अवशोषित करते हैं (छोटी आंत) और पानी और लवणों को अवशोषित करते हैं (बड़ी आंत)। भोजन के पाचन तंत्र के माध्यम से गुजरने को आंत की गतिशीलता के रूप में जाना जाता है। यह प्रक्रिया आंशिक रूप से हमारे आंत में मौजूद खरबों बैक्टीरिया द्वारा नियंत्रित होती है। आंत माइक्रोबायोम बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये बैक्टीरिया हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को विकसित करने और भोजन विघटित करने में मदद करते हैं।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



भारत कोकिला', स्वतंत्रता सेनानी और उत्तर प्रदेश की प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनके अविस्मरणीय योगदान हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### भाजपा की कथनी



भाजपा नेता यह क्यों भूल जाते हैं कि 1989 में जब वीपी सिंह की सरकार ने मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू किया तब इसके विरोध में भाजपा ने उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था तथा वीपी सिंह की सरकार को गिरा दिया था।'

-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### आध्यात्मिकता का मिलन



यह आध्यात्मिकता का शांति से मिलन का एक दिव्य अनुभव था, जब मैं हरिद्वार में मां गंगा के तट पर खड़ी थी, जब मैंने उनकी पूजा की तो उनकी शांत ऊर्जा मेरे अंदर प्रवाहित हो रही थी। वह हमारे प्राचीन इतिहास का प्रमाण है। हर हर गंगे!

-पीटी उषा, पूर्व धाविका

### ध्यान भटकाने को नया बिल



कई लाख करोड़ के बजट के बाद भी जनता के चेहरे पर आई मायूसी से ध्यान हटाने के लिए, अब ला रहे हैं नया बिल सबका ध्यान भटकाने के लिए। बाकी जनता समझदार है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच प्रयागराज में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू

# बेरोकटोक और सुगमता से लोग लगा रहे संगम में डुबकी

मेला पुलिस के अनुसार लखनऊ, मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, जौनपुर, फाफामऊ, वाराणसी रूट और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में माघ पूर्णिमा के स्नान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वे सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं। मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिर्जापुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुंभ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करें।



सुरक्षा बल और यातायात पुलिस तैनात

यहां लोगों को समझाइश दी जा रही



## दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया

माघ पूर्णिमा के मौके पर महाकुंभ का दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 'माघ पूर्णिमा महाकुंभ' नंबर वन पर ट्रेंड करता रहा। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुंभ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

## सीएम साय और डॉ. रमन ने किया स्नान-ध्यान



प्रयागराज में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कैबिनेट सहयोगियों के साथ स्नान किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से राज्यपाल, स्पीकर, मंत्री और विधायकों समेत 166 लोगों का दल पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचा। उन्होंने प्रदेश के लिए खुशहाली और लोगों का जीवन सुख-समृद्ध होने की कामना की। विधानसभा के स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने भीआस्था की डुबकी लगाई।

## ट्रेनों में तोड़फोड़ करने पर वालों पर होगी कार्रवाई



वाराणसी, चंदौली, मधुबनी और नवादा के रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों ने ट्रेनों में तोड़फोड़ की। कई जगह लोग इंजन और लगेज वैन में बैठ गए। रेलवे ने कहा कि अव्यवस्था फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## मेला क्षेत्र में फिर लगी आग

महाकुंभ मेला क्षेत्र से एक बार फिर आग लगने की खबर है। यह आग मेला क्षेत्र में स्थित सेक्टर-18 में लगी है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जा रहानागवासुकी के पास टेंट में आग लगी। इससे दो टेंट जल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

## खबर संक्षेप

### खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक

**नई दिल्ली।** आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। कोर्ट में आप विधायक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने अमानतुल्लाह को जांच में शामिल होने के लिए कहा है। पुलिस टीम पर हमले का आरोप है।



### विपक्षी पार्टी के सरपंच को नहीं मिलेगा पैसा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि शिवसेना (यूबीटी) और अन्य विपक्षी दलों के समर्थकों को उनके क्षेत्रों के लिए कोई विकास निधि नहीं मिलेगी। ओरोस में कहा कि अगर विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन के कार्यकर्ता अपने निर्वाचन क्षेत्रों का विकास चाहते हैं तो भाजपा में शामिल हों।



### ट्रक की टक्कर से मैजिक सवार 4 की मौत

**शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र में बदायूं मार्ग पर मदनपुर और बिचौला मार्ग पर बुधवार रात टाटा मैजिक और ट्रक की टक्कर हो गई, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। घायलों को फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह घटनास्थल पर मंजर देख लोग सन्न रह गए थे। जहा हादसा हुआ, वहां हाईवे लाल हो गया था।



### कांग्रेस ने सपकाल बने नए प्रदेश अध्यक्ष

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने संगठन स्तर पर बड़ा बदलाव किया है। पार्टी ने नाना पटोले की जगह हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। विजय वडेट्टीवार को महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। हर्षवर्धन को राहुल गांधी का करीबी माना जाता है।



### बांसवाड़ा में फैक्ट्री में धमाका, 30 लोग झुलसे

**बांसवाड़ा।** गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रीको इंडस्ट्रीज इलाके में स्थित एक पटाखे की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे 30 से अधिक लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस हादसे में तेज धमाकों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू किया।



बजट सत्र के पहला चरण पूरा, अब अगली बैठक 10 मार्च को

# संसद में पेश हुई वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट, इस पर विपक्ष ने किया हंगामा

### नया इनकम टैक्स बिल भी संसद में हुआ पेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद में बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट को लेकर जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में, विधेयक पर रिपोर्ट संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल द्वारा 'जय श्री राम' के नारे के बीच पेश की गई। राज्यसभा में बिल पर रिपोर्ट राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने पेश की और सदन ने इसे स्वीकार कर लिया। सदन 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

वक्फ संसोधन बिल इससे पहले भी संसद में पेश हो चुका है। हालांकि, विपक्ष के भारी विरोध के बीच इसे जेपीसी के पास भेज दिया गया था। अब जेपीसी की रिपोर्ट सदन में पेश की गई। हालांकि, जेपीसी में शामिल विपक्षी सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति ने उनकी बात नहीं सुनी। ऐसे में इस विषय पर फिर से हंगामा हुआ। नया इनकम टैक्स बिल भी संसद में पेश हुआ।

लोकसभा में बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही बृहस्पतिवार को संपन्न हो गई और अब सदन की अगली बैठक 10 मार्च को होगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कामकाज पर खुशी जताते हुए कहा कि कार्य उत्पादकता लगभग 112 प्रतिशत रही। अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होने पर सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। वक्फ विधेयक संबंधी समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट पेश की और इस पर विरोध दर्ज कराते हुए विपक्ष के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही संपन्न होने की घोषणा की।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बजट सत्र के प्रथम चरण का आखिरी दिन है। मुझे खुशी है कि अच्छे वातावरण में चर्चा हुई। सदस्यों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में लगभग 17 घंटे 23 मिनट चर्चा हुई जिसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। बिरला ने बताया कि केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट चली, जिसमें 170 सदस्यों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा कि आशा है कि आगे भी इसी तरह से सदस्यों का सहयोग मिलता रहेगा। बिरला ने कार्यवाही आगामी 10 मार्च को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले आज सुबह सदन की बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के लगभग पांच मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। नारेबाजी के बीच ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित कुछ पूरक प्रश्न पूछे गए।

बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, आप प्रश्नकाल के दौरान नियोजित तरीके से गतिरोध करते हैं, यह अच्छी परंपरा नहीं है। आप (कांग्रेस) ने इतने साल शासन किया है। आप सदन में व्यवधान पैदा करना करते हैं। बिरला का कहना था, मैंने कहा है कि दोपहर 12 बजे विषय को रखने देंगे, लेकिन आप चर्चा नहीं चाहते। आप महत्वपूर्ण विषयों को सदन में नहीं लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में सरकार की जवाबदेही तय होती है। यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आप सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।

महाराष्ट्र निकाय के चुनावी गठबंधन पर हुई चर्चा

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को कमजोर करने पर 'विराम',आदित्य ने की राहुल से मुलाकात

### अरविंद केजरीवाल से भी मिले आदित्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सियासी बाजीगरी की पहली चाल में कांग्रेस ने बाजी मारी है। जिस उद्धव ठाकरे ने इंडिया गठबंधन में रहते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बजाय आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दिया था उनके बेटे आदित्य ठाकरे को चुनाव के ठीक बाद दिल्ली आकर राहुल गांधी से मुलाकात करनी पडी। दरअसल, उद्धव ठाकरे हों या फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी या फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार इंडिया गठबंधन के तीनों बडे नेताओं ने दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल को समर्थन देकर न केवल कांग्रेस पार्टी को चिढ़ाने का काम किया था बल्कि उनकी रणनीति थी कि अगर अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप चुनाव जीतती है तो इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी के हाथों में सौंपा जाए। आप की हार के बाद से तीनों नेताओं की मुहिम पर पलीता लग गया है।

सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र विस चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए नगरी निकाय के चुनाव में करो या मरो की स्थिति रहेगी। अगर, मुंबई महानगर पालिका समेत अन्य नगरी निकायों से उद्धव ठाकरे की पार्टी का पांव उखड़ा तो फिर जमाना बेहद मुश्किल होगा। यही वजह है कि चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन का मन टटोलने आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी से दिल्ली आकर मुलाकात की। इधर, कांग्रेस पार्टी ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे नाना पटोले को हटाकर हर्षवर्द्धन सकपाल को सूबाई कमान सौंप कर साफ कर दिया है कि नगर निकाय के चुनाव में कांग्रेस पूरे दमखम के साथ उतरने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष के साथ महाराष्ट्र विस में विधायक दल के नये नेता के रूप में भी विजय नादेवराव वेदित्वार को जिम्मेदारी दी है। दोनों ही नेता महाराष्ट्र की कांग्रेसी सियासत में अपने सांगठनिक क्षमता के लिए जाने जाते हैं।



ठीक ऐसा ही हाल 2026 के पश्चिम बंगाल विस चुनाव में ममता बनर्जी के लिए रहेगी। पश्चिम बंगाल की राजनीति में भाजपा के तेजी से विस्तार हुआ है। ममता को इस बात इल्म है कि दस, पंद्रह सीटों पर भी कांग्रेस ने खेल बिगाड़ा तो खेल खराब हो सकता है, लिहाजा उनकी तरफ से भी जल्द ही कांग्रेस नेताओं से मेल मुलाकात की सिलसिला शुरू होने वाला है।

राहुल से मुलाकात के बाद आदित्य ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलकात की। उन्होंने दस सालों तक केजरीवाल सरकार के कामकाज की तारीफ भी की। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा जिस तरह चुनाव कराए गए हैं भाजपा को चुनाव आयोग का शुक्रिया अदा करना चाहिए। इंडिया गठबंधन में रहते हुए शरद पवार का उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पुरस्कृत किए जाने पर मचे बवाल पर भी माना जा रहा आदित्य ठाकरे अपनी बात राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल के समक्ष रखी। पवार द्वारा शिंदे को पुरस्कृत किए जाने पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया उद्धव ठाकरे के खास सिपहसालार संजय राउत की थी। उन्होंने कहा था जिस व्यक्ति ने महाराष्ट्र के साथ गद्दारी कर शिवसेना को तोड़ा, सरकार गिराने में भाजपा का साथ दिया उसे शरद पवार पुरस्कृत करेंगे, ऐसी आशा हम सब को नहीं थी। ये बात अलग है कि आदित्य ने शरद पवार के सवाल पर ये कहकर कन्नी काट लिया कि अभी मैं ऐसे सवालों पर प्रतिक्रिया देने के लिए बेहद जूनियर हूं।

बैंड-बाजे के साथ निकली अंतिम यात्रा

# सरयू में आचार्य सत्येंद्र दास को दी गई 'जल समाधि'

एजेंसी ▶▶ सरयू

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज को गुरुवार को सरयू नदी में जल समाधि दी गई। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान राम गोपाल मंदिर से निकाली गई और श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते अंतिम यात्रा राम मंदिर के सामने से नहीं निकाली गई। आचार्य का पार्थिव शरीर पालकी से लता मंगेशकर चौक होते हुए सरयू घाट तक लाया गया और इसके बाद यहां उन्हें जल समाधि दी गई।

■ निवास से निकाली गई अंतिम यात्रा

## लोगों ने पुष्पवर्षा कर दी श्रद्धांजलि

दोपहर 12 बजे के करीब सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर रथ पर रखा गया। इसके बाद बैंड बाजा जय श्री राम, राम नाम सत्य है के साथ अंतिम यात्रा शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। आचार्य जी के अंतिम दर्शन के लिए सरयू घाट के किनारे हजारों की संख्या में लोग खड़े रहे। अंतिम यात्रा में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, निर्वाणी अनिअखाड़ा के पूर्व श्री महंत धर्मदास, विधायक वेद गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, वशिष्ठ भवन के महंत राघवेश दास अयोध्या और देश के विभिन्न जगहों के साधु-संत, भक्त आदि लोग शामिल हुए।



## नोटिस के जवाब पर मंत्री मीणा बोले- गलती की थी



**जयपुर।** राजस्थान सरकार के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने प्रदेश नेतृत्व से मिली नोटिस का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। उन्होंने खुद को पार्टी का सच्चा सिपाही बताते हुए बयान को लेकर स्पष्टीकरण भी दिया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की ओर दिए अनूशासनहीनता के नोटिस का जबाव दे दिया है, लेकिन ये नहीं बताऊंगा। ये स्वीकार किया कि मैंने गलती की।

विशेषज्ञों की सलाह- इन दिनों दूध-अंडे खाने से बचें

# नए वैरिएंट एच5एन1 वायरस ने वैज्ञानिकों को चिंता में डाला, ज्यादा खतरनाक बताया

### कई देशों में नए म्यूटेशन के मामले मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एच5एन1 वायरस इन दिनों वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। एक साल से इस वायरस के मामले कई देशों में बढ़ते हुए देखे गए हैं। बर्ड फ्लू को आमतौर पर मुर्गियों और कुछ पक्षियों में होने वाला संक्रमण माना जाता रहा है। इंसानों में इसके मामले काफी दुर्लभ रहे हैं। कुछ वर्षों के डेटा से पता चलता है कि वायरस में कुछ नए म्यूटेशन हुए हैं जिसके कारण ये गायों, कई अन्य जानवरों और यहां तक कि इंसानों को भी संक्रमित कर रहा है। हालिया रिपोर्ट्स में वायरस में एक और नए म्यूटेशन का पता चला है।

## नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया



वायरस के इस नए वैरिएंट को डी1.1 नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि शुरुआती अध्ययनों में इसकी प्रकृति काफी खतरनाक पाई गई है जिसमें संभावित रूप से महामारी का कारण बनने की क्षमता हो सकती है। विशेषज्ञों ने सभी लोगों को इस संक्रामक रोग से बचाव के लिए प्रयास करते रहने की सलाह दी है।

**मवेशियों में बर्ड फ्लू का नया स्ट्रेन :** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक रिपोर्ट में बताया कि नेवादा में मवेशियों में बर्ड फ्लू का एक नया स्ट्रेन देखा गया जिसके बाद डेयरी में काम करने वाला एक कर्मचारी भी संक्रमित हो गया।

राज्यसभा में वित्त मंत्री सीतारमण ने सांसदों से कहा

# कठिन समय में तैयार किया गया बजट, सभी का ध्यान रखा

### कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवंटन में कटौती के आरोपों को निराधार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को राज्यसभा में बजट बहस पर जवाब दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवटंन में कटौती के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए राज्यसभा में कहा कि आयकर सीमा बढ़ाने सहित बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। सीतारमण ने कहा कि उच्च सदन में आम बजट पर चर्चा में 90 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बजट में उन सभी समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जो आज देश के समक्ष हैं।

क्षेत्रवार बजट आवंटन में कोई कमी नहीं की



## गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि बजट में चार वर्गों-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं में इन वर्गों का ध्यान रखा गया है ताकि उन्हें लाभ मिल सके। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय पर पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने पिछले साल के आंकड़े देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं की गई है।

## विपक्ष की आशंकाएं निर्मूल

उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रभावी पूंजीगत व्यय 19.80 लाख करोड़ रुपए रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चर्चा में कुछ सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में बजटीय आवंटन घटाने की बात की थी। वित्त मंत्री ने इन आशंकाओं को निर्मूल करार देते हुए कहा कि क्षेत्रवार बजट आवंटन में कोई कमी नहीं की गई है।

## राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी से ब्याज का बोझ बड़ी समस्या

उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी के कारण ब्याज का बोझ एक समस्या है। इससे उबरने के लिए बुद्धिमत्ता से राजकोषीय प्रबंधन करना आवश्यक उपाय है। सरकार ने इस बार बजट इस प्रकार बनाया है, जिससे विकास को गति मिल सके, समावेशी विकास को हासिल किया जा सके, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके, गृहस्थ लोगों की भावनाओं को बल दिया जा सके। मध्यम वर्ग को भी लाभ हो।

अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर कार्रवाई

# रणवीर को पुलिस ने दूसरा समन भेजा, आज हाजिर हों

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फंसे रणवीर इलाहाबादिया को पुलिस ने दूसरी बार समन भेजा है। रणवीर को गुरुवार को अपना बयान दर्ज कराना था, लेकिन वह पुलिस स्टेशन नहीं पहुंचे। 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवादित मामले में मुंबई की खार थाना पुलिस ने रणवीर इलाहाबादिया को अब दूसरा समन भेजकर शुक्रवार को पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा है। खार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाहाबादिया को गुरुवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।



उन्हें दोपहर बाद 3बजे बुलाया गया था, लेकिन वे थाने में हाजिर नहीं हुए। इसके बाद पुलिस ने रणवीर को दूसरा समन भेजा। रणवीर ने पुलिस से गुजारिश की थी कि उनका बयान थाने में बुलाकर न लिया जाए, लेकिन पुलिस ने उनकी सिफारिश को खारिज कर दिया था।

# डब्ल्यूपीएल: तीसरा सत्र आज से, अंतरराष्ट्रीय के साथ घरेलू क्रिकेटर लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

महिला प्रीमियर लीग का तीसरा सत्र शुक्रवार से यहां गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के मैच के साथ शुरू होगा जिसमें नजरें भारत के उदीयमान क्रिकेटरों पर लगी होंगी।

अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ लीग की असल सफलता घरेलू खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी निर्भर करती है। पहले दो सत्र में श्रेयांका पाटिल और साइका इशाक जैसे खिलाड़ियों ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में भी जगह बनाई। डब्ल्यूपीएल के हर सत्र में उदीयमान भारतीय खिलाड़ियों की सूची बढ़ती जा रही है। एलिसा हीली, सोफी मोलिनू और केट क्रॉस चोट के कारण इस सत्र में नहीं खेलेंगी।



### मुंबई और आरसीबी ने पारुनिका और नुजहत को चुना

मुंबई इंडियन्स ने चोटिल ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर के विकल्प के तौर पर महिला प्रीमियर लीग के लिए पारुनिका सिसोदिया को अपनी टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चोटिल स्पिनर आशा शोभना की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज नुजहत परवीन को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है। भारत के लिए पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली रेलवे की नुजहत 30 लाख रुपये के अपने आधार मूल्य पर आरसीबी से जुड़ेंगी। बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका 10 लाख रुपए में मुंबई इंडियन्स की टीम का हिस्सा बनेंगी।



### खिताब जीतने उतरेगी दिल्ली

दो बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स टूर्नामेंट में निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम रही है और फाइनल हारने का गम दूर करने के इरादे से उतरेगी। उसके पास शेफाली वर्मा, मेग लानिंग, जेमिमा रौड्रिग्स, अनाबेल सदरलैंड और मरियाने काप जैसे खिलाड़ी हैं जबकि गेंदबाजी में शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधू और जेस जोनासेन जैसे दिग्गज हैं।

### टूर्नामेंट के लिए तैयार

हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'भारतीय कप्तान होने के नाते मैं इस सत्र को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि कई घरेलू क्रिकेटरों ने इस टूर्नामेंट के लिए खुद को तैयार किया है। नीलामी से पहले हमने बात की थी कि कई घरेलू क्रिकेटरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी के दिमाग में कुछ नाम थे। हम उम्मीद करते हैं कि वे अच्छा खेलें और भारतीय टीम मजबूत बने।'

### खुद को साबित करने का मौका

खराब फॉर्म से जूझ रही शेफाली वर्मा दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगी। भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी और वनडे विश्व कप भी भारत में होना है। तेज गेंदबाज हरफनमौला केशवी गौतम के पास भी खुद को साबित करने का मौका होगा।

### खिताब बरकरार रखना आसान नहीं

टूर्नामेंट में दो नए स्थान वडोदरा और लखनऊ जोड़े गए हैं और यह अपने और विरोधी के मैदान वाले प्रारूप में खेला जाएगा। गत चैंपियन आरसीबी के लिए खिताब बरकरार रखना आसान नहीं होगा क्योंकि सोफी डेवाइन, मोलिनू और केट क्रॉस जैसे खिलाड़ी इस बार नहीं खेल रहे हैं। स्टार हरफनमौला एलिसे पैरी, श्रेयांका पाटिल और आशा शोभना चोट से उबर रहे हैं। इन झटकों से उबरने की उनकी क्षमता ही साबित करेगी कि वे खिताब जीत पाएंगे या नहीं। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा, 'पिछली बार एकादश का हिस्सा रहे कई खिलाड़ी इस बार चोट के कारण बाहर हैं। सोफी डेवाइन विश्व की सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में से है लिहाजा उसकी कमी खलेगी।'

## खबर संक्षेप



### अफरीदी और दो अन्य पर लगा भारी जुर्माना

**कराची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शकील और स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक गुलाम पर 29वें ओवर में तेम्बा बावुमा के रन आउट होने के बाद उनके बहुत करीब पहुंचकर जश्न मनाने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने फैसला सुनाया कि अफरीदी ने जानबूझकर ब्रीट्जके का रास्ता रोका था और सऊद तथा गुलाम ने बावुमा के आउट होने पर उनके बेहद करीब पहुंचकर जश्न मनाया।

### एवर्टन ने लिवरपूल को बराबरी पर रोका

**लंदन।** कप्तान जेम्स तार्कोवस्की के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लिवरपूल को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। तार्कोवस्की ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में बराबरी का गोल दागा। बेटो ने 11वें मिनट में एवर्टन को बढ़त दिलाई लेकिन एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने 16वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। मोहम्मद सालाह ने 73वें मिनट में लिवरपूल को बढ़त दिलाई और टीम ने अंतिम लम्हों तक इसे बरकरार रखा। हालांकि जब लग रहा था कि लिवरपूल इस मुकाबले से पूरे तीन अंक हासिल करेगा तब तार्कोवस्की ने गोल दागकर उसे अंक बांटने को मजबूर कर दिया।

### बहुतुले बने राजस्थान के स्पिन गेंदबाजी कोच

**जयपुर।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को आगामी आईपीएल सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया। पूर्व लेग स्पिनर और बाएं हाथ के बल्लेबाज बहुतुले ने दो टेस्ट और आठ वनडे मैच में कुल पांच विकेट लिए। वह हालांकि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। प्रथम श्रेणी मैचों में 52 वर्षीय बहुतुले ने छह हजार से अधिक रन बनाए और 630 विकेट लिए। उन्होंने इसके अलावा लिस्ट ए मुकाबलों में 197 विकेट चटकाए।

### अमित पंघाल बने पेशेवर मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।'



## सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे ट्रॉफी में किया शानदार प्रदर्शन

# रजत को आरसीबी ने बनाया कप्तान कोहली ने कहा- 'आप इसके हकदार'

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए गुरुवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी तथा विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है।

इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।'



### कोहली ने दी बधाई

कोहली ने पाटीदार को कप्तान बनाए जाने पर बधाई दी। कोहली ने फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो बयान में कहा, 'मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके साथ हैं, रजत। जिस तरह से आपने इस फ्रेंचाइजी में प्रगति की है और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने सभी आरसीबी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। आप इसके हकदार हैं।'



### 68 मैच जीते, 70 हारे

कोहली की अगुआई में टीम ने 68 मैच जीते, 70 हारे और चार मैच बेनतीजा रहे। टीम 2016 में कोहली की अगुआई में आईपीएल फाइनल में पहुंची थी। कप्तान ने उस सत्र में 973 रन बनाए थे जो आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। आईपीएल 2024 में कोहली 154 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। फ्रेंचाइजी ने स्वीकार किया कि कप्तान की भूमिका के लिए कोहली के नाम पर भी चर्चा हुई थी।

### पाटीदार ने बनाए 428 रन

दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

### विराट ने 143 मैचों में की कप्तानी

गुरुवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी। कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान थे और उनका रिकॉर्ड शानदार रहा लेकिन उनकी अगुआई में टीम खिताब नहीं जीत सकी।

# हारे गुकेश, केमर ने कार्लसन को हराकर किया उलटफेर

**हैम्बर्ग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का जीत का इंतजार जारी रहा और उन्हें फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंडस्लैम के पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में हिकारू नाकामूरा के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। गुकेश को सफेद मोहरों से खेलते हुए अच्छी स्थिति में पहुंचने के बावजूद टाईब्रेकर की दूसरी बाजी में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने एक रणनीतिक गलती की और नाकामूरा ने इसका फायदा उठाते हुए पांचवें स्थान के प्ले ऑफ में जगह



बनाई जहां उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगी। गुकेश अब सातवें स्थान के प्ले ऑफ में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शत्रुघन सिंह, पुत्रः** रघुराज सिंह, **पताः** मकान नं. 202, गली नं. 04, ज्वाला नगर, शाहदरा, दिल्ली **दूसरा पताः** इब्राहिमपुर एकदिल जिला इटावा **उ.प्र.**, गांव लालपुरा तहसील मरथाना, इटावा, उत्तर प्रदेष **FIR No. 179/2015 & 144/2015, U/s 288/336/34 IPC, पुलिस थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघन सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघन सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शत्रुघन सिंह, FIR No. 179/2015 & 144/2015, U/s 288/336/34 IPC, पुलिस थानाः विवेक विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
स्वाति शर्मा
एलडी मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा दिल्ली

DP/1591/SHD/2025
(Court Matter)


## 38वां राष्ट्रीय खेल

# हरियाणा और कर्नाटक ने जीते हॉकी के स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

हरियाणा ने पिछले सत्र की अपनी हार का बदला चुकता करते हुए गुरुवार को यहां गत चैंपियन मध्य प्रदेश को 4-1 से हराकर राष्ट्रीय खेलों की महिला हॉकी स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

मध्य प्रदेश को ऐश्वर्या चव्हाण ने पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद हरियाणा ने जोरदार वापसी करते हुए महिमा चौधरी (37वें मिनट), इशिका (45वें और 50वें मिनट) और मोनिका (55वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। कांस्य पदक के मुकाबले में झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। गोवा में 2023 में हुए राष्ट्रीय खेलों में मध्य प्रदेश ने शूट आउट में हरियाणा को 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष वर्ग में कर्नाटक ने बेहद कड़े मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। फराज खान ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल करके उत्तर प्रदेश को बढ़त दिलाई लेकिन कर्नाटक के सामंत सी ने आठवें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। भरत महालिंगप्पा कुर्ताकोटि (18वें मिनट) और अभारन सुदेश (39वें मिनट) ने इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर कर्नाटक को 3-1 की बढ़त दिलाई। शारदा नंद तिवारी ने 45वें मिनट में उत्तर प्रदेश की ओर से पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। महाराष्ट्र ने पंजाब को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### टीम इंडिया के साथ नहीं जाएंगे परिजन

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जाएंगे चूंकि बीसीसीआई की नई यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिए लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नई नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिए जा सकता है।

# भारत एशियन बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

एजेंसी ▶▶| किंगदाओ

भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में गुरुवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। चेन्नई के सतीश करुणाकरण ने एक घंटे 12 मिनट में चो गिओनयिओप को 17-21, 21-18, 21-19 से हराकर भारत को वापसी दिलाई जिसके बाद त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने महिला युगल में किम मिन जी और किम यू जुंग पर 19-21, 21-16, 21-11 की जीत के साथ स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक पांचवें मैच में अर्जुन और सात्विक की पुरुष युगल जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 53 मिनट में सुंग सेयुंग और जिन योंग के खिलाफ 14-21, 15-23 से हार गई।


## B J DUPLEX BOARDS LIMITED

CIN: L21090DL1995PLC066281
Regd. Off: H. No.-54, G/F New Rajdhani Enclave, Near MCD Park New Delhi – 110092
Email Id: admin@anandpulp.com; Website: www.bjduplexboard.com

**Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended on December 31, 2024**

Rs. In lakhs

| | Particulars | Quarter Ended | | | Nine-months Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 (Unaudited) | 30.09.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.02 | 8.66 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items.) | (3.76) | (3.10) | (20.82) | (13.63) | (41.28) | (74.47) |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3.76) | (3.10) | (20.82) | (13.63) | (41.28) | (74.47) |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (3.76) | (3.10) | (20.82) | (13.63) | (41.28) | (74.47) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | (3.76) | (3.10) | (20.82) | (13.63) | (41.28) | (74.47) |
| 6 | Equity Share Capital | 49.29 | 49.29 | 35.77 | 49.29 | 35.77 | 49.29 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves as shown in the Audited Balance Sheet of previous year as on 31.03.2024) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | (202.84) |
| 8 | Earnings per equity share (for discontinued & continuing operations): | | | | | | |
| | (1) Basic | (0.08) | (0.06) | (0.42) | (0.28) | (0.84) | (1.51) |
| | (2) Diluted | (0.08) | (0.06) | (0.42) | (0.28) | (0.84) | (1.51) |

Notes:
1 These Unaudited Standalone Financial Results have been reviewed by the audit committee and approved by the Board of Directors in their meeting held on Thursday, February 13, 2024.
2 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Standalone Financial Results for the quarter and nine months ended on December 31, 2024, filed with BSE Limited & the Calcutta Stock Exchange Limited ("the Stock Exchanges") under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. Complete format of these Financial Results, is available on the website of BSE Limited viz. www.bseindia.com and the Company viz. www.bjduplexboard.com. The same can be accessed by scanning the QR code provided below:

For BJ DUPLEX BOARDS LIMITED
Sd/-
SATYA BHUSHAN JAIN
(WHOLE TIME DIRECTOR)
DIN: 00106272

Place : New Delhi
Date : 14.02.2025



## intec CAPITAL LIMITED

SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**

CIN: L74899DL1994PLC057410
पंजी. कार्यालय : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली-110019
T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वार्षिक | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वार्षिक |
| | | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 30.09.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.12.2024 (अअंकेक्षित) | 31.12.2023 (अअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 41.48 | 13.73 | 63.39 | 56.40 | 277.08 | 379.68 | 43.93 | 16.13 | 65.85 | 63.65 | 284.38 | 389.36 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (48.00) | (77.13) | (88.30) | (247.78) | (836.72) | (1,691.67) | (49.69) | (78.93) | (90.04) | (253.02) | (842.06) | (887.89) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (48.00) | (77.13) | (88.30) | (247.78) | (836.72) | (1,691.67) | (49.69) | (78.93) | (90.04) | (253.02) | (842.06) | (887.89) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (63.69) | (89.05) | (96.53) | (282.58) | (709.73) | (1,369.10) | (65.38) | (90.85) | (98.27) | (287.82) | (715.07) | (565.32) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (63.17) | (88.52) | (95.98) | (281.01) | (708.09) | (1,367.00) | (64.86) | (90.32) | (97.72) | (286.25) | (713.43) | (563.22) |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) {निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु} | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| | 1. बेसिक (रु. में) : | (0.35) | (0.48) | (0.53) | (1.54) | (3.86) | (7.45) | (0.36) | (0.49) | (0.54) | (1.57) | (3.89) | (3.08) |
| | 2. डायल्युटेड (रु. में) : | (0.35) | (0.48) | (0.53) | (1.54) | (3.86) | (7.45) | (0.36) | (0.49) | (0.54) | (1.57) | (3.89) | (3.08) |

टिप्पणी :-
(1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स अर्थात www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर उपलब्ध हैं।
(2) उपरोक्त फाइनैंशियल्स की समीक्षा कर ली गई है और ऑडिट कमेटी द्वारा अनुशंसित कर दिये गये तथा तदोपरांत 13 फरवरी 2024 को आयोजित उनकी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और रिकार्ड पर लिये गये।

कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/-
संजीव गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन -00028702

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.02.2025

सड़क परिवहन मंत्रालय ने लोकसभा में दी जानकारी

# टोल प्लाजा में गड़बड़ी की शिकायतों पर सरकार सख्त, एनएचएआई खुद करेगा निगरानी, वाहनों की संख्या की गिनती के लिए एआई की ली जाएगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कई राज्यों में टोल प्लाजा पर अवैध सॉफ्टवेयर के जरिये धोखाधड़ी का बड़ा नेटवर्क सामने आने के बाद केंद्र सरकार टोल आपरेटरों की निगरानी के लिए अपने स्तर पर आडिट कैमरे लगाने पर विचार कर रही है। ये कैमरे मुख्य रूप से उन टोल प्लाजा पर लगाए जाने का विचार है, जहां बड़ी संख्या में गाड़ियों का आवागमन होता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण टोल वसूली की सही गणना तथा प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों के वर्गीकरण के लिए आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस का भी इस्तेमाल करेगा। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने टोल प्लाजा में गैर फास्टैग वाहनों से नकद टोल वसूली में धोखाधड़ी का खेल पकड़ा था। वाराणसी के एक टोल प्लाजा (अतरैला शिव गुलाम) में पकड़ी गई धांधली के तार कई राज्यों तक फैले मिले। इस धांधली के तहत अवैध सॉफ्टवेयर के जरिये वाहन चालकों से दोगुना टोल वसूला जा रहा था, लेकिन यह पैसा आपरेटर की नियमित वसूली से अलग था। अनुमान है कि टोलकर्मियों की मिलीभगत से हो रही यह वसूली एनएचएआइ को रोजाना दो करोड़ रुपए तक का नुकसान पहुंचा रही थी।

वसूली में धोखाधड़ी का खेल पकड़ा था

धांधली के तार कई राज्यों तक फैले मिले



**14 राज्यों में 42 टोल प्लाजा में यह गड़बड़ी**

*दावा है कि 14 राज्यों में 42 टोल प्लाजा में यह गड़बड़ी की गई। हालांकि एनएचएआइ ने इससे इन्कार किया है। गुरुवार को लोकसभा में इससे जुड़े एक सवाल पर मंत्रालय ने जवाब दिया है कि फास्टैग से होने वाले 98 प्रतिशत ट्रांजेक्शन में गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन अतरैला शिव गुलाम टोल प्लाजा में पूरी तरह कैश के जरिये वसूली हो रही थी।*

### गैर फास्टैग वाहनों से नकद संग्रह की प्रक्रिया होगी मजबूत

इसका एक हिस्सा अवैध हैंडहेल्ड मशीन के माध्यम से अवैध रूप से वसूला जा रहा था यानी टोल प्रबंधन सिस्टम के सॉफ्टवेयर से अधिक। मंत्रालय ने कहा है कि इस घटना से सबक लेते हुए एनएचएआई गैर फास्टैग वाहनों से नकद संग्रह की प्रक्रिया को और मजबूत करने के लिए काम कर रहा है। इसके लिए अतिरिक्त निगरानी के उपाय किए जा रहे हैं। टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों की सही-सही संख्या की गणना की जाएगी और इसका फिर टोल प्लाजा की रसीद से मिलान किया जाएगा। मंत्रालय ने फास्टैग और आटमैटिक नंबर प्लेट पहचान आधारित बैरियर मुक्त प्रणाली के लिए निविदाएं भी आमंत्रित की हैं।

### पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रस्ताव

अर्बन एक्सटेंशन रोड-2, द्वारका एक्सप्रेस समेत पांच स्थानों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रस्ताव है। इस सिस्टम के तहत सारा टोल संग्रह फास्टैग से ही लिया जाएगा और गैरफास्टैग वाहनों से टोल संग्रह के लिए ई नोटिस जारी किए जाएंगे। इससे सभी टोल प्लाजा में नकद वसूली पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि धोखाधड़ी वाली वसूली की कुछ शिकायतें मिली हैं। इनकी जांच की जा रही है और गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

---

**खबर संक्षेप**

### पॉल कपूर ट्रंप प्रशासन में प्रमुख राजनयिक नामित

**वॉशिंगटन।** दक्षिण एशियाई सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ पॉल कपूर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण एशियाई मामलों के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में नामित किया है। अगर कपूर को सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है।



### एपल ने बेच डाले 15 करोड़ से अधिक फोन

**नई दिल्ली।** कैलिफोर्निया की टेक कंपनी एपल ने भारतीय मार्केट में नया रिकॉर्ड बनाया है और इसके आईफोंस मॉडल्स का मार्केट लगातार तेजी से बढ़ रहा है। मार्केट रिसर्च कंपनी इंटरनेशनल डाटा कॉर्पोरेशन ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एपल ने सालाना करीब 4 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ 15 करोड़ से ज्यादा आईफोन यूनिट्स बेचे हैं। पिछले साल पहले छह महीने में ऐपल ने शिपमेंट्स में 7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।



---

अंतरिक्ष के बाद अब समुद्र की गहराइयों में उतरेगा भारत

## मानवयुक्त पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' की जा रही विकसित, 2026 तक बनने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत समुद्र के गहराई तक छुपे राज को खंगालने के लिए डीप ओशन मिशन पर काम कर रहा है। इस बारे में बताते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), चेन्नई के माध्यम से एक मानवयुक्त पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य समुद्री अन्वेषण और अवलोकन के लिए वैज्ञानिक सेंसर के एक सेट के साथ तीन लोगों को समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक ले जाना है। मानवयुक्त पनडुब्बी मत्स्य 6000 के 2026 तक बनने की संभावना है।

डीप ओशन मिशन के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकियां गहरे समुद्र में मानव-संचालित वाहन विकास के लिए देश की क्षमता का विस्तार करेंगी तथा गहरे समुद्र में सतत अन्वेषण और गहरे समुद्र में सजीव एवं निर्जीव संसाधनों के दोहन का मार्ग प्रशस्त करेंगी। गहरे समुद्र के अन्वेषण में जैव विविधता, सर्वेक्षण और खनिज संसाधन शामिल हैं।




### 6000 मीटर की गहराई तक मानव को ले जाने में सक्षम

डीप ओशन मिशन के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' विकसित की जा रही है, जिसमें 2.1 मीटर आंतरिक व्यास वाला टाइटेनियम मिश्रधातु से बना पर्सनेल स्फीयर होगा, जो 6000 मीटर की गहराई तक मानव को सुरक्षित ले जाने में सक्षम होगा। टाइटेनियम मिश्रधातु से बने पर्सनेल स्फीयर का एकीकरण इसरो के सहयोग से किया जा रहा है। मानवयुक्त पनडुब्बी को उत्पलन प्रबंध के लिए सबसिस्टम,अवतरण/उत्थान सक्षम प्रणाली, ऊर्जा और नियंत्रण प्रणाली, संचालन प्रणोदक, समुद्र में हस्तक्षेप करने वाले मैनिपुलेटर्स, नेविगेशन और पोजिशनिंग डिवाइसेस, डेटा और वॉयस संचार प्रणाली, ऑन-बोर्ड ऊर्जा भंडारण बैटरियां तथा आपातकालीन सहायता प्रणालियों से सुसज्जित किया जाएगा।

**96 घंटे की आपातकालीन क्षमता**

### गहराई पर 12 घंटे तक निरंतर संचालन क्षमता

इसे गहरे पानी के अवलोकन और अन्वेषण के लिए 96 घंटे तक की आपातकालीन क्षमता के साथ 6000 मीटर की गहराई पर 12 घंटे तक निरंतर संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली, जो तीन व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, को नियमित और आपातकालीन परिदृश्यों के दौरान अनुकूलन और उपयोग के लिए महसूस किया गया है। गहरे समुद्र में की जाने वाली गतिविधियां, गहरे समुद्र में सजीव और निर्जीव संसाधनों की खोज, संयुक्त राष्ट्र के शासी निकायों के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही हैं।

**समुद्री जीव विज्ञान में क्षमता निर्माण के विस्तार को प्राथमिकता**

*महासागर जलवायु परिवर्तन परामर्श सेवाओं का विकास, समुद्र स्तर में परिवर्तन, चक्रवात, तूफानी लहरों और लहरों की तीव्रता तथा अनुमानित जलवायु में तटीय कटाव और जलप्लावन पर उनके प्रभावों के अनुमान लगाने के लिए मजबूत डेटा अधिग्रहण और विश्लेषण पर निर्भर करता है। एक बहुविषयक अनुसंधान पोत का अधिग्रहण प्रगति पर है। देश में समुद्री जीव विज्ञान में क्षमता निर्माण के विस्तार को भी प्राथमिकता दी जा रही है।*

---

ट्रंप ने पुतिन-जेलेंस्की से की बात बोले

## जंग रोकने के लिए चर्चा होगी सऊदी अरब में होगी मुलाकात



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर जंग खत्म करने को लेकर बातचीत की। ट्रंप की पुतिन से लगभग डेढ़ घंटे बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे के देशों का दौरा करने पर सहमत हुए। ट्रंप ने मीडिया को बताया कि मेरे और राष्ट्रपति पुतिन की टीमों के बीच तुरंत बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी। हमारी मुलाकात सऊदी अरब में होगी। ट्रंप ने यूक्रेन में नए सिरे से आम चुनाव की जरूरत बताई।

उधर, ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को बड़ा झटका दिया है। बेल्जियम में नाटो मुख्यालय में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने साफ कर दिया कि अमेरिका अब यूक्रेन को पहले की तरह बड़ी आर्थिक और सैन्य सहायता नहीं देगा।

### यूएन बोला ट्रंप-पुतिन की बातचीत सकारात्मक

संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करने के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत किया है। साथ ही अमेरिका और रूस के नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को सकारात्मक बताया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने बुधवार को कहा कि हम यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए किए जा रहे किसी भी प्रयास की सराहना करेंगे, जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों पक्ष शामिल हों। अगर वे दोनों एक प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। फरहान हक ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच नियमित संपर्क से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हम इसे एक सकारात्मक पहल मानते हैं।

### पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का आमंत्रण दिया

क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन और ट्रंप ने लगभग डेढ़ घंटे तक टेलीफोन पर बात की और मुलाकात पर सहमति जताई। अपनी बातचीत के दौरान पुतिन ने ट्रंप को मॉस्को आने का भी निमंत्रण दिया है। उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात हुई। इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश मिलकर रूसी आक्रामकता को रोकने और एक स्थायी, विश्वसनीय शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने अगले कदमों की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।

---

पेरिस में हुई सीरिया के भविष्य पर चर्चा

## अमेरिकी सहायता रोके जाने के बाद एकजुट हुए पश्चिमी और अरब देश

एजेंसी ▶▶ पेरिस

सीरिया में जारी गृहयुद्ध के बीच अमेरिका द्वारा सहयोग रोकने की घोषणा सीरिया के भविष्य के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है। इसी बात पर चर्चा के लिए पेरिस में गुरुवार को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें पश्चिमी देशों और अरब देशों के प्रतिनिधि सीरिया के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। यह सम्मेलन सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पतन के बाद हो रहा है, और इस दौरान क्षेत्र में अमेरिका की प्रतिबद्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

बता दें कि दिसंबर में असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद यह सीरिया पर तीसरा सम्मेलन है और ट्रंप के आने के बाद यह पहला सम्मेलन है।



### ट्रंप ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को हटाया

*अमेरिका द्वारा विदेशी सहायता रोकने के फैसले से सीरिया में चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि सीरिया पहले से ही गृहयुद्ध से बर्बाद हो चुका था और वह अमेरिका से सहायता पर निर्भर था। ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को काम से हटा दिया, जिससे भुखमरी, शिक्षा और महामारी से लड़ने के मिशन को भी समाप्त किया जा रहा है। देखा जाए तो सीरियाई नागरिकों ने असद के शासन के खत्म होने का स्वागत किया था, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि यदि नए शासक देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने में असफल होते हैं, तो उनकी सत्ता सीमित हो सकती है।*

---

ताइवान फूड कोर्ट में बड़ा हादसा

## गैस विस्फोट से 4 की मौत, 26 घायल, दुर्घटना की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ ताइपे

ताइवान के एक डिपार्टमेंटल स्टोर में गुरुवार को गैस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई और 26 घायल हो गए। ताइचुंग फायर ब्यूरो ने कहा कि विस्फोट ताइचुंग में शिन कांग मित्सुकोशी डिपार्टमेंट स्टोर की 12वीं मंजिल पर फूड कोर्ट में हुआ। मृतकों में मकाऊ से आए दो लोग भी शामिल हैं। परिवार के सात लोग घूमने के लिए वहां आए थे। घायलों को ताइचुंग के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह लगभग 11:30 बजे दर्जनों अग्निशामकों को घटनास्थल पर तैनात थे। इमारत का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और टुकड़े सड़क पर बिखरे हुए थे। ताइचुंग के मेयर लू शिओ-येन ने



कहा कि उन्हें पास के अपने कार्यालय में झटका महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि अग्निशमन ब्यूरो बचाव अभियान पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ ही जांच भी चल रही है और कि क्या खतरे के अन्य स्त्रोत भी हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग चेह हसिन ने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों से दुर्घटना के कारण की जांच करने कहा है। इससे कुछ दिन पहले दक्षिणी ताइवान में 13 मंजिला एक इमारत में आग लगने की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई थी।

---

मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने दिया आश्वासन

## हमास ने कहा- शनिवार को 3 और इजराइली बंदियों की करेंगे रिहाई

एजेंसी ▶▶ काहिरा

गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को हल होता नजर आ रहा है। दरअसल, चरमपंथी समूह हमास ने कहा कि वह समझौते के अनुसार इजराइली बंदियों की रिहाई करेगा। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्त्र और कतर के मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अड़चनों को हटाने के लिए काम करेंगे। हमास युद्धविराम समझौते को लागू करेगा। बयान में कहा गया है कि शनिवार को तीन और इजराइली बंदियों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा पर इजराइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास के इस कदम से युद्धविराम समझौता फिलहाल जारी रहेगा।



### गाजा में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति की मांग

*चरमपंथी संगठन ने आरोप लगाया था कि इजराइल ने बंधकों को रिहा करने के समझौते को सही तरीके से लागू नहीं किया है और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति नहीं की है। वहीं, इजराइल और अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर बंधक बनाए गए उनके नागरिक रिहा नहीं किए जाएंगे, तो युद्धविराम समझौता खत्म हो जाएगा और युद्ध दोबारा शुरू हो जाएगा। हमास ने कहा कि उसके प्रतिनिधि मंडल काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से बातचीत की और कतर के पीएम से भी संपर्क किया, ताकि गाजा में आश्रय, चिकित्सा आपूर्ति, ईंधन और भारी उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा जा सके। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि मिस्र और कतर ने इस विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है।*

---

जर्मनी के म्यूनिख में बड़ा हमला

## सनकी ड्राइवर ने कार से भीड़ को कुचला, 15 घायल, चालक गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ म्यूनिख

जर्मनी के म्यूनिख में एक व्यक्ति ने अपनी कार भीड़ पर चढ़ा दी, जिससे कम से कम 15 लोग घायल हो गए। यह घटना शहर के केंद्रीय रेलवे स्टेशन के पास हुई है। पुलिस और सुरक्षाबल ने ऐक्शन लेते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब शुक्रवार से म्यूनिख सुरक्षा सम्मलेन शुरू होने वाला है।

सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेनी प्रेजिडेंट वलोडोमिर जेलेंस्की उपस्थित रहेंगे। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि यह घटना कैसे हुई। उन्होंने अधिक



### पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना वर्दी यूनियन द्वारा आयोजित एक हड़ताल से जुड़ी प्रदर्शन रैली में शामिल लोगों को प्रभावित करने के लिए हो सकती है। हालांकि, पुलिस कई एंगल पर मामले की जांच कर रही है। म्यूनिख की घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। हालांकि, अब तक इसे आतंकवादी हमला मानने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

---

स्पैम कॉल से मिलेगी निजात, ट्राई ने लिया बड़ा एक्शन

## टेलिमार्केटिंग के लिए बैन किए 10 अंकों वाले नंबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्पैम कॉल की समस्या लगातार बढ़ रही है और देशभर में मोबाइल फोन यूजर्स इससे परेशान हैं। टेलिकॉम कंपनियां कई बार अपने-अपने स्तर पर इस व्यापक समस्या से निपटने की कोशिशें कर रही हैं। टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की तरफ से भी कई बार स्पैम कॉल व मैसेज की समस्या हल करने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। अब दूरसंचार संसाधनों के गलत इस्तेमाल को रोकने और कंज्यूमर प्रोटेक्शन को बढ़ाने के लिए, ट्राई ने संशोधित टेलीकॉम कमर्शियल कम्यूनिकेशन्स कस्टमर प्रीफरेंस रेग्युलेशंस (टीसीसीसीपीआर), 2018 के तहत सख्त नियम पेश किए हैं। इन संशोधन की जानकारी कल यानी 12 फरवरी, 2025 को दी गई और इनका उद्देश्य ट्रांसपेरेंट फ्रेमवर्क के साथ वैध मार्केटिंग गतिविधियों को सुनिश्चित करना व अनचाहे कमर्शियल कम्युनिकेशन से निपटना है। संशोधित नियम, टेलिकॉम चैनल में सेंध लगाकर विकसित हो रही टेलीमार्केटिंग प्रैक्टिसेज के जवाब में आए हैं।

*प्रमोशनल के लिए '140' और सर्विस कॉल के लिए '1600' सीरीज का इस्तेमाल होगा*

### उपभोक्ता शिकायत तंत्र बढ़ेगा



यह कदम 28 अगस्त, 2024 को शुरू की गई एक परामर्श प्रक्रिया के बाद आया, जब ट्राई कि रेग्युलेटरी गेप्स पर इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया मांगी थी। नए संशोधन में उन टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ कड़े नियम बनाने पर ध्यान दिया गया है जो रजिस्टर्ड नहीं हैं। मार्केटिंग के लिए 10 डिजिट वाले नंबरों के दुरुपयोग को रोकने, उपभोक्ता शिकायत तंत्र को बढ़ाने और सेंडर व सर्विस प्रोवाइडर के लिए जवाबदेही बढ़ाने पर केंद्रित है।

### शिकायत प्रक्रिया को सरल बनाया गया

ट्रांसपेरेंसी को बेहतर करने के लिए ट्राई ने 10 अंकों वाले मोबाइल नंबर के जरिए कमर्शियल कम्युनिकेशन पर रोक लगा दी है। इसकी जगह एक स्पेसिफिक नंबर सीरीज इस्तेमाल होगी। प्रमोशनल कॉल के लिए '140' जबकि ट्रांजैक्शनल और सर्विस कॉल के लिए नई दी गई '1600' सीरीज का इस्तेमाल होगा। कंज्यूमर्स अब अनरजिस्टर्ड कंपनियों से आने वाले स्पैम मैसेज और कॉल की शिकायत अपने कम्युनिकेशन प्रेफरेंस के बिना भी दर्ज करा सकेंगे। ट्राई ने शिकायत प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है- जिस शिकायत में सभी जरूरी डिटेल्स होंगी, उसे वैध माना जाएगा।

---

### एयर इंडिया ब्रिटेन, यूरोप के मार्गों पर अधिक उड़ानें संचालित करेगी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमानन कंपनी 30 मार्च से 25 अक्टूबर तक प्रभावी उत्तरी ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए ब्रिटेन यूरोप, सुदूर पूर्व एशिया और अफ्रीका के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाएगी। वहीं अमृतसर-बर्मिंघम और अमृतसर-लंदन गैटविक मार्गों पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी जाएगी, जबकि अहमदाबाद-लंदन गैटविक मार्ग पर साप्ताहिक उड़ानों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच कर दी जाएगी। एयर इंडिया ने कहा कि परिचालन बेड़े में कमी के कारण मुंबई-मेलबर्न और कोच्चि-लंदन गैटविक सेवाएं बंद की जाएंगी।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109